उज्जैन
बुधवार
31
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-59
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



टॉक्सिक में एलिजाबेथ बनकर हुमा कुरैशी बिखेरेंगी जलवा अभिनेत्री का बेहद रहस्यमयी और स्टनिंग लुक

पेज- 8

## योगी सरकार के मंत्रिमंडल का 14 जनवरी के बाद होगा विस्तार

**लखनऊ।** यूपी में योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 का दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार मकर संक्रांति के बाद होगा। साथ ही राजनीतिक नियुक्तियों का सिलसिला भी शुरू होगा।




सीएम आवास पर मंगलवार रात आयोजित बीजेपी की कोर कमेटी की बैठक में सरकार और संगठन की आगामी कार्ययोजना पर मंथन हुआ। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की मौजूदगी में आयोजित पहली कोर कमेटी की बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण में दावे और आपत्तियां अधिक से अधिक पेश करने पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में एसआईआर के प्रारंभिक आंकड़ों पर भी बात हुई, कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता कम होने से बीजेपी और सरकार की चिंता बढ़ी है।

## इंडिगो पर 458 करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर दिल्ली साउथ कमिश्नरेट के सीजीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त ने 458 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने बताया कि यह जुर्माना केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की असेसमेंट से जुड़ा है। एयरलाइन के मुताबिक, कुल जीएसटी मांग 458,26,16,980 है। कंपनी ने बताया कि जीएसटी विभाग ने विदेशी सप्लायर से मिली क्षतिपूर्ति (कंपनसेशन) पर टैक्स मांग, ब्याज और जुर्माना लगाया है, साथ ही इनपुट टैक्स क्रेडिट को भी खारिज किया गया है। कंपनी ने बाहरी टैक्स सलाहकारों की राय के आधार पर इस जुर्माने को गलत बताया।

## प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा की सगाई:फोटोग्राफी का शौक रखती हैं गर्लफ्रेंड अवीवा बेग

**नई दिल्ली।** वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की गर्लफ्रेंड अवीवा बेग से सगाई हो गई है।



न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। सगाई के बाद कपल फेमिली के साथ राजस्थान के रणथंभौर पहुंचा है। रेहान और अवीवा 7 साल से रिलेशनशिप में हैं। दोनों को ही फोटोग्राफी का शौक है। सगाई में वाड्रा, गांधी और बेग परिवार के करीबी लोग ही मौजूद थे। हालांकि अभी तक गांधी या वाड्रा परिवार से किसी ने भी सगाई की खबरों की पुष्टि नहीं की है। रेहान की मंगेतर अवीवा, दिल्ली के बिजनेसमैन इमरान बेग और इंटीरियर डिजाइनर नंदिता बेग की बेटी हैं।

## अश्लील और गैरकानूनी कंटेंट पर केंद्र का कड़ा प्रहार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से बढ़ते अश्लील, अभद्र और गैरकानूनी कंटेंट को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए सभी सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म कंपनियों को सख्त चेतावनी जारी की है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि प्लेटफॉर्म्स अपने यहां प्रसारित हो रहे अश्लील, पोर्नोग्राफिक, बाल यौन शोषण से संबंधित सामग्री और अन्य अवैध कंटेंट के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रहते हैं, तो उनके खिलाफ कानून के तहत कड़े कदम उठाए जाएंगे। यह चेतावनी 29 दिसंबर, 2025 को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से जारी एक एडवाइजरी के माध्यम से दी गई है, जिसमें सभी डिजिटल इंटरमीडियरीज को अपने कंप्लायंस फ्रेमवर्क की तत्काल समीक्षा करने और कानूनी जिम्मेदारियों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### भक्त आक्रोशित : 2 साल से गर्भ गृह में वीवीआईपी को प्रवेश, आमजन प्रतिबंध

# गर्भगृह में प्रवेश को लेकर फिर उठे सवाल क्या केवल वीवीआईपी के महाकाल?

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के आगे श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन को लेकर उज्जैन-आलोट क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया ने गर्भगृह से दर्शन की मांग रखी तो मुख्यमंत्री ने जूना महाकाल दर्शन का सुझाव रख दिया। व्यवस्था में भेद के बीच बयानों में मतभेद की स्थिति सामने आई है।

इसी बीच मंगलवार सुबह वीवीआईपी श्रद्धालु ने मंदिर की व्यवस्था को सराहा और जल चढ़ाने की व्यवस्था पर बयान दिया था उसे लेकर आम श्रद्धालुओं का कहना है कि यह सिर्फ वीवीआईपी के लिए है आम श्रद्धालु तो जल के पात्र तक पहुंचना ही नामुमकिन सा है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शनों को लेकर एक बार फिर से व्यवस्था से गर्भगृह में प्रवेश की मांग प्रबल हो रही है। अबकी बार यह मांग किसी सामान्य श्रद्धालु एवं आम आदमी ने नहीं बल्कि सांसद अनिल फिरोजिया की और से उठी है। उन्होंने अपनी माताजी का उदाहरण देते हुए भगवान को जल अर्पण करने एवं स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों की पीड़ा को व्यक्त किया है। गर्भगृह की सांसद की मांग को शहर भर में तवज्जो मिल रही है और लोगों का कहना है कि स्थानीय लोगों के लिए मंदिर प्रबंधन भले ही प्री बुकिंग पर गर्भगृह खोले या प्रति दिन दो घंटे के समय में हमें गर्भगृह से दर्शन की सुविधा दे उसे इसके प्रयास करना ही चाहिए। स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के त्याग और समर्पण को दरकिनार न किया जाना चाहिए।





### अभिनेत्री के बयान पर श्रद्धालुओं का कटाक्ष

मंगलवार को सुबह मंदिर में वीवीआईपी दर्शन करने और समिति की ओर से सम्मान हासिल करने के बाद अनिभेत्री नुसरत भरूचा ने व्यवस्था को लेकर अपना बयान जारी किया। उसमें उन्होंने कहा कि जय श्री महाकाल। मैं दूसरी बार आई हूं और ये न्यू ईयर का टाइम है, और फिर भी दर्शन करने पहुंची हूं और सबने बहुत ही प्यार से और बहुत ही संभाल के... नॉट जस्ट (न केवल) मुझे, बट (बल्कि) जितने भी भक्त आए आज, क्योंकि न्यू ईयर का टाइम है, इतनी भीड़ है, इतने लोग श्रद्धा से आते हैं। साल खत्म हो रहा है, नया साल शुरू करने जा रहे हैं, और सब बस आशीर्वाद लेने आते हैं। इन्होंने इतने अच्छे से पूरी अरेंजमेंट (व्यवस्था) की है, सबको लेके आए हैं। बहुत प्यार से सबका दर्शन हुआ है। मुझे एक चीज बहुत अच्छी लगी कि अगर आपको जल चढ़ाना है और आपको आगे जाने नहीं मिलता, तो इनका अलग एक जगह है, जहां जल चढ़ा सकते हैं, जितने भी श्रद्धालु हैं और वो जल एकदम डायरेक्टली (सीधे) वो पाइप से सीधा दर्शन के वहां ही चढ़ता है। मतलब महाकाल को ही चढ़ता है। मुझे बहुत अच्छा लगा कि ये जो छोटी चीजें सोच के लोग करते हैं। मतलब रियली गाइस, मैं दिल से दूसरी बार आई हूं। मेरा मन करता है बस अब आती रहूं हर साल। जय महाकाल। जैसे ही यह वीडियो सार्वजनिक हुआ कई श्रद्धालुओं ने अपनी प्रतिक्रिया शुरू कर दी। शहडोल से आए श्रद्धालु दिलीप घोपरकर का कहना था कि आम श्रद्धालु को तो जल चढ़ाने के पात्र तक पहुंचना ही नामुमकिन है यह व्यवस्था वीवीआईपी के लिए ही है। हाथी के दांत खाने और दिखाने के अलग-अलग हैं। इसी तरह शहर में भी इसे लेकर श्रद्धालुओं की कड़ी विरोधात्मक प्रतिक्रिया रही है।

### नित्य श्रद्धालुओं की व्यवस्था बदली, धरना दिया

अवंतिका द्वार से नित्य प्रवेश की व्यवस्था को बदलने से नाराज नित्य दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं ने मंगलवार सुबह मंदिर परिसर में जमकर नारेबाजी की है। बाद में मंदिर समिति ने व्यवस्था पूर्ववत की तब जाकर श्रद्धालु शांत हुए और दर्शन करने गए। सुबह पहुंचे स्थानीय श्रद्धालुओं को द्वार बंद होने एवं त्रिवेणी मार्ग से आने के लिए कहा गया था जिस पर श्रद्धालु आक्रोशित हो गए और उन्होंने गेट पर धरना दे दिया। नित्य दर्शनार्थी भक्त मंडल अध्यक्ष रवि राय ने बताया कि महाकाल मंदिर में बार बार नए प्रयोग, नित्य दर्शनार्थियों को परेशान कर रहे हैं। विगत दिनों ही कई दर्शनार्थियों के नाम काट दिए गए थे, जिसे लेकर प्रशासन के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई थी। अब अवंतिका द्वार से प्रवेश की बजाय नित्य दर्शनार्थियों को चार धाम मंदिर से लाइन में लगने के आदेश निकाल दिए गए। जिसके विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। उपाध्यक्ष महेंद्र कटियार ने बताया कि लगभग 1 घंटे तक भक्त और भगवान की जय हो- महाकाल महाराज की जय- हो के जयकारें के साथ, मंदिर प्रशासन होंशियार के नारों के साथ भक्ति लोक में धरना दिया। अधिकारियों द्वारा पुनः गेट चालू करने पर ही धरना समाप्त हुआ।

### उज्जैन जिले के लोग महाकाल से दूर हो गए

सांसद फिरोजिया- उज्जैन में दिशा समिति की बैठक के दौरान आलोट सांसद अनिल फिरोजिया ने श्री महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन और जलाभिषेक व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। सांसद ने मीडिया से चर्चा में कहा था कि कलेक्टर को बोला है कि दो घंटा कम से कम वो गर्भगृह खोलें। क्योंकि ये महामृत्युंजय है और महाकाल को जल चढ़ना आवश्यक है। अभी कुछ ही लोग आते हैं विशेष, वही चढ़ाते हैं जिससे जो 60-70 साल से रेगुलर जल चढ़ाने वाले हैं, वो बड़ी बद्दुआएं दे रहे हैं, तो हमको बद्दुआएं नहीं लेना है। कुछ ऐसी व्यवस्था करें, कुछ स्लॉट बुक करें कि दो घंटे सुगमता से जनता जनार्दन राजा हो या रंक भगवान के लिए तो सब बराबर है वो आके जल चढ़ाएं। मुझे आश्वासन दिया है कि हम इसका पहले कैलकुलेशन कर लें। ये मैंने कहा कैलकुलेशन करो पर दो घंटे आपको ये करना पड़ेगा। हां, तीज-त्योहार है या छुट्टी का दिन है, ज्यादा लोड है उस दिन आप गर्भगृह सूचना देके बंद कर दो कि अंदर दर्शन नहीं होंगे लेकिन बाकी दिनों में जो है, दो घंटे जल चढ़ाने की अनुमति देना चाहिए। बाद में सांसद ने एक अन्य मीडिया को अपने बयान में कहा था कि महाकाल लोक बनने के बाद 8 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की संख्या यहां आ रही है पर देखने में आ रहा है कि उज्जैन जिले के लोग महाकाल से दूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले स्थानीय श्रद्धालु आसानी से गर्भगृह में जाकर भगवान महाकाल को जल चढ़ा पाते थे, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में आम भक्त, बुजुर्ग और असहाय श्रद्धालु इससे वंचित हो रहे हैं। सांसद ने अपनी 85 वर्षीय मां का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्षों तक हर सोमवार जल चढ़ाने वाली उनकी मां आज बाहर से ही जल सौंपकर लौटने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रतिदिन कम से कम दो घंटे का समय ऐसा तय किया जाए, जिसमें सामान्य श्रद्धालु भी स्वयं गर्भगृह में जाकर जल चढ़ा सकें।

### जूना महाकाल में दो घंटे क्या दिन भर पूजा करो

मुख्यमंत्री हाल ही में उज्जैन आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दर्शन की मांग के बीच अपनी बात रखते हुए सुझाव देते हुए जूना महाकाल के महत्व को बताया था। मंच पर बैठे सांसद अनिल फिरोजिया की और रूख करते हुए उन्होंने कहा था कि लोग कम जानते हैं, बाबा महाकाल के पास एक और महाकाल हैं, जिनको 'जूना महाकाल' कहते हैं। आपकी इच्छा हो, दो घंटे क्या दिन भर, जब मर्जी आए अपनी पूजा करो। भगवान का भजन करो, अपना सारा पंचामृत करो, कौन रोक रहा है? असली में तो जूना महाकाल ही हैं। अरे सोने में 'जूना सोने' का जो मजा है, वो नए का कहां होता है? यह हमारे लिए आनंद है। केवल एहसास करने की देर है। हमारे लिए परमात्मा की कृपा है। लोगों ने दोनों महाकाल नहीं देखे, तो नहीं देखे होंगे। हमने तो देखे हैं, हमको कौन रोक रहा है।

## अब उज्जैन संभाग का आगर मालवा जिला फूड प्रोसेसिंग का बड़ा हब बनेगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अब आगर मालवा जिला फूड प्रोसेसिंग का बड़ा हब बनेगा। दुनिया में फ्रोजन फूड बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी मैक्केन आगर मालवा में बड़ा फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर विकसित करेगी।

कुल 83 एकड़ औद्योगिक भूमि पर ये क्लस्टर विकसित होगा। जिले के औद्योगिक विकास में फेज-1 एवं फेज-2 के साथ-साथ फेज-3 में स्थापित मैक्केन फूड्स प्रमुख भूमिका निभा रहा है। मैक्केन फूड्स को फेज-3 में 54 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। इस परियोजना के माध्यम से 3,800 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिससे 2,000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना आगर-मालवा को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिला रही है। इसके अलावा यहां एआरएफएम फूड्स प्रा. लि. के आने से क्षेत्र में इंटीग्रेटेड एग्रो व फूड प्रोसेसिंग पार्क स्थापित हुआ, जिससे 150 करोड़ का निवेश, 500 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार और स्थानीय कृषि व अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली।

एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौड़ ने बताया कि बड़े निवेश, औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार और व्यापक रोजगार सृजन के माध्यम से आगर-मालवा जिला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आने वाले समय में यह जिला औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में प्रदेश के अग्रणी जिलों में अपनी सशक्त पहचान स्थापित करेगा। अब दुनिया में फ्रोजन फूड बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी मैक्केन आगर मालवा में बड़ा फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर विकसित करेगी। कुल 83 एकड़ औद्योगिक भूमि पर ये क्लस्टर विकसित होगा। इसमें 50 एकड़ क्षेत्र में मुख्य फूड प्रोसेसिंग प्लांट और 33 एकड़ में सहायक सुविधाएं स्थापित होंगी, जिनमें स्टोरेज, लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर आदि शामिल है। यह परियोजना अपने पैमाने में देश के चुनिंदा बड़े फूड प्रोसेसिंग हब में से एक होगी। इससे न केवल फूड प्रोसेसिंग क्षमता बढ़ेगी, बल्कि मप्र से एक्सपोर्ट की क्षमता बढ़ेंगी। कृषि उत्पादों में वैल्यू एडिशन और इंटरनेशनल सप्लाई चेन बनेगी, पूरे क्षेत्र के स्थानीय किसानों को फायदा मिलेगा। इस परियोजना के शुरू पूरे मालवा क्षेत्र के आलू उत्पादन किसानों को फायदा मिलेगा, कभी ज्यादा उत्पादन से दाम गिरे तो नुकसान नहीं होगा। मप्र को फूड प्रोसेसिंग और फ्रोजन फूड इंडस्ट्री में बड़ा हब बन सकता है।

## 180 की स्पीड से दौड़ी ट्रेन, ग्लास का पानी नहीं छलका

ब्रह्मास्त्र ›› कोटा

कोटा में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ी। लोको पायलट ने 4 ग्लास में पानी रखा, इतनी रफ्तार के दौरान भी ग्लास में से पानी नहीं छलका।




पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल में स्वदेशी तकनीक से बनी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन (वर्जन-2) का फाइनल हाई स्पीड ट्रायल मंगलवार को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

ट्रायल के दौरान 16 कोच की यह नई पीढ़ी की ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से कोटा-नागदा रेलवे ट्रैक पर दौड़ी। ट्रायल के दौरान स्पीड, सेफ्टी और राइड क्वालिटी की विस्तृत जांच की गई। अब ये रेक यात्रियों के सफर के लिए उपलब्ध हो सकेगी।

## खबर एक नजर...

### हवा की गति बढ़ते ही 1 डिग्री गिरा तापमान

**उज्जैन।** ठंड के बीच गुजर रहे दिसंबर माह में मंगलवार को एक बार फिर हवा की गति में तेजी आई और अधिकतम तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आ गई। शाम को भी सर्द हवा महसूस हो रही थी। स्थानीय जीवाजीराव वेधशाला के अनुसार अधिकतम तापमान 27 डिग्री दर्ज हुआ है। हवा जो पिछले कुछ दिनों से 2 से 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही थी वह 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार की हो गई है। जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में शीत लहर महसूस हो सकती है। इस बीच रात का तापमान कई दिनों से 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। इस बार जनवरी माह भी ठंड के बीच गुजरेगा।

### बड़ोदा के 108 लोग महाकाल मंदिर में सजावट करेंगे



**उज्जैन।** नव वर्ष पर 11 हजार डमरू और 5 लाख से अधिक रुद्राक्ष से महाकाल मंदिर के द्वार शिखर और महाकाल लोक के स्तम्भ सजाए जाएंगे। इसके लिए बड़ोदा की 108 लोगों की टीम उज्जैन पहुंची है। टीम के सदस्य 31 जनवरी की रात तक मंदिर में सजावट का काम पूरा करेंगे। बड़ोदा से आए नरेंद्र शाह ने बताया कि इससे पहले टीम ने केदारनाथ मंदिर में सजावट की थी। इस बार महाकाल मंदिर में मौका मिला है। जिसके बाद डमरू वाला ग्रुप ने के 108 सदस्य उज्जैन पहुंचे है। सबसे पहले नंदी गेट पर सजावट की जायेगी। इसके बाद महाकाल लोक स्तम्भ, मंदिर का शिखर, नीलकंठ द्वार, नंदी हाल, चांदी गेट को रुद्राक्ष डमरू पन्नी बेल झूमर सीएनसी कटिंग से सजाया जाएगा। उन्होंने कहा कि, दो दिन में इस काम को पूरा कर लिए जाएगा। नरेंद्र शाह ने बताया कि डमरू वाला की टीम बाइकर्स की टीम है। इसलिए बड़ोदा से बाइक द्वारा उज्जैन आए है। टीम द्वारा नव वर्ष के मौके पर महाकाल मंदिर को सजाने का पूरा खर्चा उठाया जा रहा है।

### 40 दिव्यांग बालिकाओं ने महाकाल दर्शन किए, महाकाल लोक भी देखा

**उज्जैन।** समग्र शिक्षा अभियान समावेशित शिक्षा अंतर्गत मायापुरी, हीरामल की चाल स्थित सीडब्ल्यूएसएन बालिका छात्रावास की 40 बालिकाओं को महाकालेश्वर दर्शन एवं महाकाल लोक भ्रमण कराया गया। (दिव्यांग) बालिका छात्रावास संचालक मनोज मालवीय ने बताया दर्शन करने वाली बालिकाओं में शामिल मूक-बधिर, मानसिक रूप से अविकसित, दृष्टिबाधित बालिकाओं को सांकेतिक भाषा में महाकाल लोक में स्थित प्रतिमाओं की महत्ता एवं जानकारी दी गई।

### शहीद परिवारों के कुल 14 सदस्यों ने श्री महाकाल भगवान के दर्शन किये

**उज्जैन।** महू स्थित इन्फेंट्री स्कूल के जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 5वीं बटालियन से जुड़े शहीद परिवारों के कुल 14 सदस्यों ने श्री महाकाल भगवान के दर्शन किये। श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति द्वारा युद्धवीरों के परिवार के सदस्यों का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 168-5 | 359-7 |
| मेना बाजार | 256-3 | 590-4 |
| मिलन डे | 248-4 | 679-2 |
| मिलन नाइट | 389-0 | 880-6 |

2 3 6

### भीड़ भरे रास्ते को ब्लॉक कर दिखा रहे वैकल्पिक रूट, सीधे पार्किंग तक पहुंच रहे श्रद्धालु

# उज्जैन में पहली बार गूगल मैप से क्राउड मैनेजमेंट

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

2025 की विदाई और 2026 के स्वागत के लिए उज्जैन में लगातार भीड़ उमड़ रही है। गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश सहित मध्य प्रदेश के अलग-अलग शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

स्थानीय प्रशासन का दावा है कि उज्जैन में प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु आ रहे हैं। सामान्य दिनों में रोजाना करीब 6 हजार फोर व्हीलर वाहन उज्जैन आते हैं। फिलहाल, यह संख्या बढ़कर 12 हजार तक पहुंच गई है। ऐसे में जाम की स्थिति से बचने के लिए पहली बार उज्जैन पुलिस ने गूगल मैप में तकनीकी बदलाव कर हाईटेक क्राउड मैनेजमेंट शुरू किया है।

पुलिस ने गूगल मैप के जरिए हैवी ट्रैफिक वाले रूट को ब्लॉक कर मंदिर की ओर आने वाली भीड़ को शहर के भीतर प्रवेश करने से रोका है। इसके लिए गुरुग्राम की इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कंपनी, साइबर टीम और पुलिस के 10 सदस्यों की संयुक्त टीम ने गूगल के एल्गोरिदम में बदलाव किया है।

यह टीम किसी भी सड़क पर जाम की स्थिति बनते ही तत्काल उस मार्ग को गूगल मैप से ब्लॉक कर देती है और वैकल्पिक खाली मार्ग को सक्रिय कर देती है। इससे बाहर से आने वाले



श्रद्धालुओं को शहर के भीतर जाने का मार्ग दिखाई नहीं देता और वे सीधे निर्धारित पार्किंग तक पहुंच जाते हैं। सीनियर अफसरों का कहना है कि यदि यह योजना पूरी तरह सफल रहती है, तो सिंहस्थ 2028 में भी इसे लागू किया जा सकता है।

#### मैप पर वही रूट दिखता है, जो पुलिस तय करती है

- सीएसपी राहुल देशमुख ने कहा- चार धाम स्मार्ट पार्किंग और हरसिद्धि मंदिर की पाल के पास बनी पार्किंग महाकाल मंदिर के सबसे नजदीक हैं। यहां देशभर से आने वाले श्रद्धालु गूगल मैप के जरिए भीड़भाड़ वाले इलाकों से शहर में प्रवेश कर जाते थे, जिससे जाम की स्थिति बनती थी। इससे बचने के लिए तकनीकी डेटा का उपयोग कर वाहनों को भीड़भाड़ वाले मार्गों पर जाने से रोक दिया जाता है।
- गूगल मैप पर श्रद्धालुओं को वही डेडिकेटेड रूट दिखाया जाता है, जो उन्हें संकरे रास्तों और शहर के अंदरूनी क्षेत्रों से बचाते हुए सीधे बाहरी मार्गों से पार्किंग तक पहुंचाता है। इस प्रक्रिया पर यातायात और साइबर टीम लगातार काम कर रही है।

#### आईटी कंपनी के साथ रियल टाइम ट्रैफिक की निगरानी

सीएसपी देशमुख ने बताया- पुलिस की 10 सदस्यीय टीम सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक रियल टाइम ट्रैफिक की निगरानी करती है। जिस मार्ग पर यातायात बढ़ता है या जाम की स्थिति बनती है, उसे तुरंत डायवर्ट कर दिया जाता है। इसके बाद गूगल मैप पर उस रूट को हटा दिया जाता है और श्रद्धालुओं को केवल वही वैकल्पिक मार्ग दिखाया जाता है, जिससे वे सीधे पार्किंग तक पहुंच सकें। इसके लिए गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी को हायर किया है। यह कंपनी गूगल के एल्गोरिदम के जरिए केवल खाली रूट को ही दिखाती है।

#### रियल टाइम में बदल रहे रूट, सीधे पार्किंग तक पहुंच रहे वाहन

सीएसपी देशमुख ने बताया कि डेडिकेटेड टीम द्वारा रियल टाइम में रूट बदले जा रहे हैं। गूगल मैप की सहायता से महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु पुलिस के बताए रास्तों से सीधे पार्किंग तक पहुंच रहे हैं, वह भी बिना शहर में प्रवेश किए। मंदिर के आसपास के मुख्य क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के वाहन और दुकानों को सड़कों पर लगाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। फिर भी श्रद्धालु बेगमबाग होते हुए स्मार्ट पार्किंग में वाहन खड़े कर रहे हैं। इसके चलते बेगमबाग, महाकाल घाटी, गुदरी चौराहा, हरसिद्धि मंदिर, जंतर-मंतर, जयसिंहपुरा, रेलवे क्रॉसिंग और शक्तिपथ की पार्किंग के मार्गों पर सबसे अधिक जाम की स्थिति बन रही है। इसे देखते हुए मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से निर्धारित पार्किंग का उपयोग करने की अपील की है।

#### भस्म आरती की बुकिंग और शक्ल दर्शन व्यवस्था 5 जनवरी तक बंद

महाकाल मंदिर समिति ने नव वर्ष की भीड़ को देखते हुए 12 दिन के लिए नई व्यवस्थाएं लागू की हैं। 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग बंद कर दी गई है। श्रद्धालु केवल ऑफलाइन बुकिंग करा सकेंगे। वहीं, 1 जनवरी को होने वाली भस्म आरती के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार की बुकिंग पूरी तरह बंद कर दी गई है। बीते तीन दिन में 5.50 लाख श्रद्धालुओं के दर्शन करने के बाद समिति ने शनिवार से 5 जनवरी तक प्रोटोकॉल दर्शन व्यवस्था भी बंद कर दी है। इस अवधि में केवल वीवीआईपी श्रद्धालुओं को ही प्रोटोकॉल सुविधा मिलेगी।

#### 28 दिसंबर से दूसरी बार बदली दर्शन व्यवस्था

महाकाल मंदिर समिति ने 28 दिसंबर से दर्शन व्यवस्था में दूसरी बार बदलाव किया है। तड़के 4 बजे होने वाली भस्म आरती के लिए श्रद्धालुओं का प्रवेश नीलकंठ द्वार से होगा। चलित भस्म आरती के लिए त्रिवेणी द्वार तय किया गया है। सामान्य दर्शन का मार्ग चार धाम पथ से शुरू होकर शक्ति पथ होते हुए त्रिवेणी मार्ग से मानसरोवर तक रहेगा। अन्य सभी प्रवेश द्वार बंद रहेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जूता स्टैंड की व्यवस्था चार धाम क्षेत्र में की गई है।

## स्कूल के बाहर युवक पकड़ाया

### लव जिहाद का दावा, लोगों ने पीटा, हिंदू जागरण मंच ने पुलिस को सौंपा

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

उज्जैन में हिंदूवादी संगठन ने एक बार फिर लव जिहाद से जुड़ा मामला सामने आने का दावा किया है। घटना सोमवार शाम बियाबानी क्षेत्र स्थित कालिदास स्कूल के बाहर की बताई जा रही है, जहां एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा युवक के साथ मारपीट किए जाने की भी जानकारी सामने आई है।

हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों के अनुसार, पकड़े गए युवक की पहचान अजगर रहीम, निवासी हुगली (पश्चिम बंगाल) के रूप में की गई है। संगठन का आरोप है कि युवक स्कूल के बाहर करीब एक से दो घंटे तक एक छात्रा का इंतजार कर रहा था। जैसे ही छात्रा बाहर आई, युवक ने उससे बात करने की कोशिश की। यह देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को पकड़ लिया, हालांकि तब तक छात्रा वहां से जा चुकी थी।

स्थानीय लोगों ने युवक को पास की एक दुकान पर बैठाया और हिंदूवादी संगठन को इसकी सूचना दी। संगठन के सदस्यों का दावा है कि युवक के बैग की तलाशी लेने पर कुछ आपत्तिजनक सामग्री और एक ट्रेन टिकट बरामद हुआ। इसके बाद युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी रितेश माहेश्वरी ने पुलिस से तीन बिंदुओं पर जांच की मांग की है। इनमें युवक के मोबाइल फोन और इंस्टाग्राम आईडी की जांच शामिल है। संगठन ने यह भी मांग की है कि युवक के मोबाइल में कथित तौर पर मिली जादू-टोने से संबंधित सामग्री और वीडियो की जांच की जाए।

इसके साथ ही संगठन ने युवक की वास्तविक पहचान और पते की पुष्टि करने और यह जांच करने की मांग की है कि कहीं वह बांग्लादेशी नागरिक तो नहीं है। संगठन के अनुसार, युवक अपना वर्तमान पता इंदौर बता रहा है और खुद को सोने-चांदी का कारीगर बता रहा है।

## एमआरपी से ज्यादा रेट लेने पर मेडिकल शॉप को नोटिस

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

उज्जैन के फ्रीगंज स्थित पाटीदार अस्पताल में संचालित पाटीदार मेडिकोज पर मरीज के परिजन ने इंजेक्शन की एमआरपी से ज्यादा दाम लेने के आरोप लगे हैं। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर संचालक के खिलाफ नोटिस जारी किया गया।

फ्रीगंज उज्जैन स्थित पाटीदार मेडिकोज की शिकायत पर मिलने पर मंगलवार को जिला औषधि निरीक्षक देशराज सिंह टीम के साथ जांच करने पहुंचे। जांच में पाया गया कि मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा शिकायतकर्ता को औषधि Linezolid IV Injection (Linid IV) batch no ABB1040 प्रदान की गई। जिसकी एमआरपी 812.65 है। जबकि विक्रय बिल पर अन्य समान औषधि का बैच न. एबीबी1062 अंकित कर दिया गया जिसके लेबल पर एमआरपी 893.91 अंकित था। जांच के दौरान शिकायत प्रथम दृष्टया सत्य पाई गई। शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत शिकायत तथा जांच के दौरान मेडिकल स्टोर पर अन्य अनियमितताएं भी पाई गई। पूर्व में भी इस प्रकार की शिकायत पर इस मेडिकल स्टोर पर कार्यवाही की जा चुकी है। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर में पाई गई अनियमितता व नियमानुसार मेडिकल स्टोर का संचालन न करने के कारण संचालक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जिसका स्पष्टीकरण मिलने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

## गरोठ रोड तैयार, उज्जैन-झालावाड़ को मंजूरी, उज्जैन से राजस्थान की बढ़ेगी कनेक्टिविटी

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में इस साल उज्जैन से राजस्थान की कनेक्टिविटी और बढ़ जाएगी। इसके लिए एनएचएआई ने इस बार राजस्थान को दो फोरलेन को जोड़ेगा। 2700 करोड़ रुपए की लागत से उज्जैन-गरोठ रोड हाईवे बनाकर लगभग तैयार कर दिया है। वहीं उज्जैन-झालावाड़ वाली टू-लेन को भी फोरलेन किया जाएगा।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने पूरी तैयार कर ली है। उज्जैन-झालावाड़ को फोरलेन से जोड़ने के प्रस्ताव को दिल्ली से तकनीकी स्वीकृति भी मिल गई। वित्तीय स्वीकृति की भी प्रक्रिया के लिए भी विभाग ने फाइल मुख्यालय दिल्ली भेज दी है। वहां से भी जल्द ही स्वीकृति



मिलने की उम्मीद हैं।

वित्तीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया निपटाते हुए एनएचएआई उज्जैन-झालावाड़ रोड को चौड़ा करने का काम शुरू करवाया जाएगा। टू-लेन की चौड़ाई दोगुना होने से वाहनों की स्पीड बढ़ जाएगी और सिंहस्थ में शामिल होने वाले यात्रियों का सफर भी आसान होगा। झालावाड़ के रास्ते इस हाईवे से पाटन, कोटा भी जुड़ जाएगा।

राजस्थान से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 133 मिली उज्जैन-झालावाड़ा हाईवे को टू-लेन से फोरलेन किया जाना है। तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा उज्जैन-गरोठ रोड पहले ही बनकर तैयार हो चुका है। यह भी राजस्थान को जोड़ेगा।

**- संध्या टाले, प्रबंधक तकनीकी एनएचएआई**

**फायदा :** सड़क का दबाव कम होगा... फिलहाल उज्जैन को राजस्थान से जोड़ने के लिए उज्जैन-झालावाड़ टू-लेन हाईवे है। इसके उज्जैन से घोंसला वाला हिस्सा पहले ही फोरलेन कर दिया है। अब इसके आगे का पूरा हिस्सा फोरलेन से जुड़ जाएगा। नए प्लान में घट्टिया-घोंसला का बायपास भी मिल जाएगा। इससे यहां बढ़ा दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा।

**मशक्कत :** जमीन अधिग्रहीत करना होगी उज्जैन-झालावाड़ टू-लेन के लिए एनएचएआई के पास अभी 32 मीटर जमीन है। इसे फोरलेन कर देने पर 60 मीटर जमीन की जरूरत पड़ेगी। तभी अप और डाउन के लिए अलग-अलग सड़क बन सकेगी। इसके लिए विभाग को मशक्कत करना पड़ेगी।

उज्जैन
बुधवार
31
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र

त्यजेदेकं कुलस्यार्थे ग्रामस्यार्थे कुलं त्यजेत्।
ग्रामं जनपदस्यार्थे आत्मार्थे पृथिवीं त्यजेत्॥


**अर्थः** व्यक्ति को चाहिए की कुल के लिए एक व्यक्ति को त्याग दे। ग्राम के लिए कुल को त्याग देना चाहिए। राज्य की रक्षा के लिए ग्राम को तथा आत्मरक्षा के लिए संसार को भी त्याग देना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### इंदौर जिला अस्पताल में डॉक्टरों का पोस्टमॉर्टम करने से इनकार

**इंदौर।** इंदौर के राऊ इलाके में ट्रेन से कटकर हुई मौत के मामले में मंगलवार को जिला अस्पताल में मृतक के परिजनों को घंटों परेशान होना पड़ा। पोस्टमॉर्टम के लिए तैनात डॉक्टरों द्वारा ड्यूटी से इनकार करने के कारण परिजन परेशान होते रहे। जानकारी के अनुसार, ट्रेन हादसे में मृत संतोष, पिता रघुनाथ का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में किया जाना था। इस दौरान डॉक्टर पुष्पराज सिंह की ड्यूटी लगी थी, लेकिन वे अस्पताल नहीं पहुंचे। परिजन दोपहर तक पोस्टमॉर्टम के लिए भटकते रहे। जब डॉक्टर से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने आने से इनकार कर दिया। बताया जाता है कि जिला अस्पताल में उस दिन संविदा डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पोस्टमॉर्टम करने से भी इनकार कर दिया और इस संबंध में उन्होंने सिविल सर्जन को लिखित पत्र भी दिया। बाद में जब इस मामले की जानकारी आरएमओ सतीश नेमा को मिली तो उन्होंने तत्काल जिला अस्पताल से डॉ. गर्ग को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वरिष्ठ डॉक्टरों के हस्तक्षेप और निर्देश के बाद मंगलवार को देर शाम पोस्टमॉर्टम किया जा सका। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान मृतक के परिजन अस्पताल परिसर में काफी देर तक परेशान होते रहे।

### केमको फैक्ट्री में आग, दूर तक दिखाई दिया धुआं



**इंदौर।** इंदौर के लसूडिया इलाके में एमआर 11 के पास मंगलवार दोपहर एक बजे चाकलेट फैक्ट्री में भीषण आगजनी की घटना हो गई। सूचना के बाद यहां पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की गाड़ियां पहुंची। आग पर दो घंटे बाद काबू पा लिया गया। जिस बिल्डिंग में आग लगी थी वह पूरी तरह से गिर गई है। जिस बिल्डिंग में फैक्ट्री संचालित थी उसे दिवालीय घोषित किया जा चुका था। लसूडिया टीआई तारेश सोनी के मुताबिक लसूडिया मोरी के पास केमको चाकलेट फैक्ट्री में कर्मचारियों ने करीब 1 बजे आग लगने की सूचना दी थी। इसके बाद दमकल को भी सूचित किया था। आग के चलते किसी तरह की जनहानि तो नहीं हुई है। आग फैक्ट्री के पीछे के हिस्से में लगी थी। आग के कारण फैक्ट्री में काम कर रहे 3 कर्मचारी घायल हुए हैं। आग के बाद हुए विस्फोट से बिल्डिंग गिरी है। बिल्डिंग मालिक के अनुसार 35 करोड़ का नुकसान होना बताया जा रहा है, लेकिन इस कंपनी की बिल्डिंग का मामला कोर्ट में विचाराधीन था। चाकलेट फैक्ट्री कुछ दिनों से बंद थी और इसमें अभी कोई काम नहीं होता था।

### भगोरा के किसानों ने तहसील कार्यालय का घेराव किया

**महू।** मंगलवार को ग्राम भगोरा के किसानों ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर नर्मदा माइक्रो सिंचाई परियोजना से पानी न मिलने की शिकायत की। किसान पिछले दो साल से पानी से वंचित हैं। किसानों का आरोप है कि उन्हें लगातार लाइन लीकेज का बहाना बताया जा रहा है और सुधार कार्य का आश्वासन दिया जा रहा है। जबकि हरसोला, दतोदा, मेमदी, अंबाचंदन और सिमरोल जैसे आसपास के गांवों को यह पानी नियमित रूप से मिल रहा है। दो साल से यही जवाब मिलने के कारण किसान खुद को भेदभाव का शिकार महसूस कर रहे हैं।

### इंदौर में 35 लोग अस्पताल में भर्ती, 2 अफसर निलंबित-एक बर्खास्त, जांच समिति बनाई

# शौचालय का पानी घरों तक पहुंचा, पीने वाले 5 की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 5 लोगों की मौत हो गई है। इनके नाम नंदलाल पाल (75), उर्मिला यादव (69), उमा कोरी (31), मंजुला पति दिगंबर (74) और सीमा प्रजापत बताए गए हैं। 35 से ज्यादा बीमार लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं।

हालांकि, जिला प्रशासन ने 3 लोगों की मौत की ही पुष्टि की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मृतकों में नंदलाल, उर्मिला और तारा कोरी शामिल हैं। इन तीनों की मौत डायरिया से होना बताया गया है।

मामले में संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देर रात जोनल अधिकारी शालिग्राम शितोले और प्रभारी असिस्टेंट इंजीनियर (पीएचई) योगेश जोशी को निलंबित कर दिया है। प्रभारी डिप्टी इंजीनियर (पीएचई) शुभम श्रीवास्तव की सेवा समाप्त कर दी गई है। तीन सदस्यों की जांच समिति बनाई गई है। इसके अध्यक्ष आईएएस



नवजीवन पंवार होंगे। समिति में सुपरिटेंडेंट इंजीनियर प्रदीप निगम और मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शैलेश राय को भी शामिल किया गया है। सीएम ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा भी की है।

**शौचालय के नीचे मेन लाइन में लीकेज मिला-** भागीरथपुरा में चौकी से लगे शौचालय के नीचे मेन लाइन में लीकेज भी सामने आया है। आशंका है कि इस लीकेज से ही दूषित पानी, पेयजल की पाइपलाइन में मिला होगा।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को इलाके का दौरा किया। अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हालचाल भी जाना। विजयवर्गीय ने कहा- भागीरथपुरा से पानी के 70 से ज्यादा सैंपल लिए हैं। सभी मरीजों का इलाज सरकार के खर्च पर होगा। जिन लोगों ने इलाज के लिए पहले से पैसे जमा किए हैं, उन्हें रिफंड कराया जाएगा।

वहीं, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा- घटना के लिए जो भी जिम्मेदार होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इलाके में 50 टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। हेल्पलाइन नंबर 7440440511 जारी किया गया है।

#### परिजन बोले- दूषित पानी पीने से बीमार हुए थे



भागीरथपुरा निवासी नंदलाल पाल ने मंगलवार सुबह वर्मा नर्सिंग होम में दम तोड़ा। उनको 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उनकी मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट को बताया। कहा- मेडिकल हिस्ट्री में सामने आया है कि नंदलाल को ब्लड प्रेशर की समस्या थी और वे नियमित दवा नहीं लेते थे। कार्डियक अरेस्ट की आशंका इसी वजह से बनी। लेकिन परिजन का दावा है कि दूषित पानी पीने के बाद ही उनकी हालत बिगड़ी। उधर, जान गंवाने वाली महिलाओं के परिजन का कहना है कि पानी पीने के बाद अचानक तबीयत खराब हुई, जिसके बाद उनकी मौत हो गई।

#### 4 महीने पहले टेंडर हुआ था, अब आनन-फानन में जारी किया

भागीरथपुरा में पानी की नई पाइप लाइन के लिए अगस्त 2025 में टेंडर जारी हुआ था, लेकिन इसे अब तक नहीं खोला गया था। करीब 2.40 करोड़ रुपए की लागत से नई पाइप लाइन डाली जानी थी। दस्तावेजों में गंदे और दूषित पानी की शिकायतों का उल्लेख भी था। इसके बावजूद अफसरों ने प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई। अब मौतों के बाद आनन-फानन में टेंडर खोला गया है।

#### मेडिकल दुकानों पर खत्म हो गईं दवाइयां

इलाके में मेडिकल शॉप संचालकों के मुताबिक, उल्टी-दस्त और बुखार की दवाइ?यां जितनी सालभर में नहीं बिकतीं, उतनी चार दिन ही में बिक गईं। स्टॉक खत्म होने के बाद फिर से दवाइयां मंगानी पड़ी हैं।

### प्लायवुड कंपनी के मालिक ने फार्म हाउस भिजवाए थे, पुलिस को हवाला का शक


# कार में मिले 1 करोड़ 18 लाख रुपए

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर पुलिस ने एक कार से 1 करोड़ 18 लाख रुपए बरामद किए हैं। यह रकम एक प्लायवुड कंपनी के मालिक की है। पुलिस को शक है कि पैसा हवाला का हो सकता है।

सोमवार देर रात कनाड़िया थाना पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक टाटा नेक्सॉन कार को रोका। कार में तीन युवक थे। पुलिस ने डिक्की खुलवाकर देखा तो उसमें बड़े से बैग में 1 करोड़ 18 लाख रुपए रखे पाए गए।

सूचना के बाद अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। रकम को लेकर प्लायवुड कंपनी के मालिक सनद अग्रवाल ने पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने मंगलवार सुबह इसकी सूचना



इनकम टैक्स विभाग को दे दी है। सनद अग्रवाल की दो कंपनियां हैं- सेफ्लेक्स इंटरनेशनल लिमिटेड और मंत्रम टेक्नो फेब प्रा. लि.।

**अभियान के दौरान चल रही थी वाहन चेकिंग-** पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने 31 दिसंबर को लेकर शहर भर के आउटर के थानों में विशेष चेकिंग के आदेश दिए थे। जिसमें अवैध शराब और तस्करी जैसे मामलो में विशेष नजर रखनी थी। अभियान के दौरान ही बिचौली मदार्ना ब्रिज के पास पुलिस को कार में ये रकम मिली।

**मालिक ने बैग फार्म हाउस में देने को कहा था-** पुलिस ने बैग चेक किया तो उसमें करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपए रखे हुए थे। कार सवार तीन युवकों राजेश यादव, प्रभात अग्रवाल और आनंद ने पूछताछ में बताया कि कार प्लायवुड कंपनी के मालिक सनद अग्रवाल की है। उन्होंने ही ये बैग दिया है, जिसे फार्म हाउस में देने को कहा था। मामले की जानकारी अफसरों तक पहुंची तो वह फौरन थाने पहुंचे। रात में सनद से भी पुलिस अफसरों ने संपर्क किया है। पुलिस मंगलवार को इस मामले में जांच के बाद और भी खुलासे कर सकती है।

### खजराना गणेश मंदिर में बैरिकेडिंग पर प्रसाद दुकानदारों का विरोध

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में नए साल को लेकर की जा रही बैरिकेडिंग को लेकर प्रसाद दुकानदारों में नाराजगी सामने आई है। नाराज दुकानदारों ने विरोध जताते हुए समय से पहले अपनी दुकानें बंद कर दीं और मौके पर ही बैठ गए।मामले की जानकारी मंदिर प्रबंधन समिति को दी गई है। समिति के मैनेजर ने बताया कि इस विषय पर बुधवार को दुकान संचालकों से बातचीत की जाएगी।

इधर, खजराना पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर प्रसाद दुकानदारों से चर्चा की और उन्हें उचित समाधान का आश्वासन दिया। पुलिस के आश्वासन के बावजूद दुकानदारों ने विरोध स्वरूप अपनी दुकानें बंद रखीं। अब इस पूरे मामले को लेकर बुधवार को मंदिर प्रबंधन और दुकान संचालकों के बीच चर्चा होगी। बता दें कि खजराना गणेश मंदिर में 31 दिसंबर की रात से लेकर 1 जनवरी तक बड़ी संख्या में भक्त भगवान गणेश के दर्शन करने आएंगे। इसे लेकर मंदिर परिसर में बैरिकेड्स लगाए जा रहे हैं। ताकि भक्तों की आ?वाजाही में परेशानी ना हो। बैरिकेड्स को प्रसाद दुकान संचालकों की दुकानों के बाहर लगा दिया गया है, जिससे उनकी ग्राहकी पर असर पड़ रहा है।

# इंदौर पुलिस कमिश्नर ने रखा साल भर का लेखा-जोखा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर पुलिस कमिश्नर ने साल भर के अपराधों को लेकर मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने गंभीर अपराधों और स्मार्ट पुलिसिंग को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि शहर में जल्द ही 5 थानों में बल बढ़ाया जाएगा। वहीं अन्य तीन थानों को भी अनुमति मिलेगी। उन्होंने 31 दिसंबर को लेकर विशेष चेकिंग किए जाने की बात भी कही।

पलासिया पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने सालभर के अपराधों के आंकड़ों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने सोशल पुलिसिंग पर ज्यादा ध्यान देने की बात कही। उनका कहना था कि ट्रैफिक को लेकर जल्द ही शहर में बड़े प्लान लाए जाएंगे, लेकिन इसके पहले जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जो काफी बड़े स्तर पर होगा। उन्होंने बताया कि अब तक विभिन्न संस्थाओं की मदद से इंदौर पुलिस द्वारा शहर में 1100 हेलमेट का वितरण किया जा चुका है।

इसके अलावा महिला पुलिस को भी इस दौरान विशेष जगहों पर तैनात करने की बात कही गई है। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर और 1 जनवरी को सड़कों पर हंगामा करने वालों को सीधे जेल भेजा जाएगा। इसके साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग को लेकर कई विषयों पर चर्चा की गई।

**5 थानों में बढेगा बल, 3 नए थाने होंगे शुरू, जहां ज्यादा अपराध वे जगहें चिह्नित**



#### 5 थानों में बढ़ेगा बल, 3 नए थाने

शहर में बढ़ रहे अपराधों और थानों में बल की कमी को लेकर भी उन्होंने समीक्षा की। इसमें उन्होंने तिलक नगर, द्वारकापुरी सहित करीब 5 थानों में बल की कमी होने की बात कही और यहां जल्द ही बल बढ़ाने की बात कही। वहीं उन्होंने चंदन नगर, लसूडिया और बाणगंगा में तीन नए थाने शुरू करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए जल्द ही शासन से अनुमति मिलने वाली है, जो पहले से स्वीकृत है।

#### 31 दिसंबर पर विशेष चेकिंग अभियान

उन्होंने बताया कि सभी डीसीपी ने अपने-अपने इलाकों के होटल और रिसॉर्ट मालिकों के साथ बैठक ली है। उन्होंने 31 दिसंबर के कार्यक्रमों को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं। वहीं पुलिस की टीमें, थाना मोबाइल के साथ 112 को भी अलर्ट पर रखा है।

## खबर एक नजर...

### सांसद ट्रॉफी बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में नवोदित शरीर साधकों ने बिखेरा माँस पेशियों का जलवा...

**उज्जैन।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत उज्जैन जिले की नागदा, खाचरोद,तराना, महिदपूर,बड़ नगर, उज्जैन के 32 शरीर साधकों ने राष्ट्रीय गीतों पर माँस पेशियों का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

आयोजन समिति के संयोजक कपिल कटारिया ने बताया कि तराना के सूजल गवली स्पर्धा के चैम्पियन रहे। स्पर्धा के निर्णायक जितेंद्र सिंह कुशवाह, इंजि.गजेंद्र मेहता, रवि मालवीय थे। मार्शल फहीम पहलवान थे। शरीर साधकों को बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेन्द्र व्यास, स्वामी मुस्कराके, विशाल राजौरिया, बॉडी बिल्डिंग एशिया गोल्ड मेडलिस्ट अफराज खान ने पुरस्कृत किया। स्पर्धा के परिणाम निम्नानुसार रहे..55 किलो..धीरज राठौड़, बड़नगर ( स्वर्ण ),महिपाल चौहान, उज्जैन ( रजत )...60 किलो..आजम, नागदा ( स्वर्ण ),वीर सिंह तोमर, तराना ( रजत )..65 किलो..इब्राहिम, उज्जैन (स्वर्ण ),अभिषेक चौहान, नागदा (रजत )..70 किलो आसिफ, नागदा ( स्वर्ण ),हिमेश तिरदीया ,नागदा (रजत )...75 किलो..सूजल गवली ,तराना ( स्वर्ण ) ,युवराज सिंह, तराना ( रजत )...पदक विजेता रहे।

### कालिदास मांटेसरी स्कूल के कार्निवाल 2025 का समापन

**उज्जैन ।** उज्जैन के प्रतिष्ठित एवं पुराने विद्यालयों में शुमार कालिदास मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो दिवसीय कार्यक्रम ₹कार्निवाल 2025₹ के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश पांचाल, संस्था अध्यक्ष माणकलाल गिरिया, सचिव यशवंत जैन सहित संचालक मंडल के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रीता जोशी को विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया । उल्लेखनीय है कि श्रीमती रीता जोशी विद्यालय में विगत 20 वर्ष से कार्यरत है, एवं विद्यालय की प्रायमरी, सेकेंडरी आदि कक्षाओं के विद्यार्थियों को कई विषयों पर शिक्षा प्रदान करती आई हैं। इनके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से विद्यार्थियों के साथ ही स्कूल स्टाफ एवं स्कूल प्रबंधन आदि प्रसन्न रहते है ।

# सही कर्म और सही धर्म ही जीवन है, सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं, समाज से देश बनता है- श्री श्री जीव मित्र जी मुंबई

### श्रीमद् भागवत कथा एवं सामाजिक सद्भाव सम्मेलन की आज पूणार्हुति, होगा नगर भोज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सही कर्म और सही धर्म ही जीवन है, सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं, समाज से देश बनता है। आत्म-कल्याण, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित, तीनों का मूल आधार हमारे दैनिक कर्म हैं। जब कर्म सही होते हैं, तो विचार पवित्र होते हैं और समाज स्वतः उन्नति की ओर अग्रसर होता है।

यह बात बीमा हॉस्पिटल परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा एवं सामाजिक सद्भाव सम्मेलन में मुंबई से पधारे श्री श्री जीव मित्र ने कही। कथा में महंत विशाल दास जी महाराज ने कहा राजधर्म और देश धर्म दोनों एक है, सनातन धर्म में राष्ट्र प्रथम है। राम काज करने के लिए आपको जाति, ईर्ष्या को त्यागना पड़ेगा। सबरी की तरह सबको गले लगाना पड़ेगा। स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीमा हॉस्पिटल परिसर गाड़ी अड्डा चौराहा आगर रोड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में छठे दिवस की कथा में व्यासपीठ से मालवा माटी के युवा संत पंडित अर्जुन गौतम ने रूक्मणी विवाह की कथा सुनाई। भगवान श्रीकृष्ण की बारात निकाली गई धूमधाम से भक्तों ने विवाहोत्सव मनाया। कथा में पूर्व मंत्री पारस जैन, समाजसेवी अनिल सिंह चंदेल, पार्षद रामेश्वर दुबे, पार्षद प्रकाश शर्मा, पार्षद विजय सिंह कुशवाह, चिंतामन मंदिर पुजारी जय शर्मा, कमलेश शर्मा, एडवोकेट हरदयाल सिंह ठाकुर, संजू सिंह, भाजपा नगर महामंत्री आनंद सिंह खींची, नगर महामंत्री भाजपा जगदीश पांचाल, सुबेदार कमल सोनी, अनिल कुमार तोमर, शैलेन्द्र सिंह डोडिया, शेष नारायण श्रीवास्तव, पिरुलाल, रवि सिंह चौहान सरपंच, मनोज शर्मा इंदौर, सुनील अवस्थी टिगरिया, राहुल ठक्कर अलवासा, धर्मेंद्र सिंह पंवार, बजरंग पालिया, चेतन बना दावतखेडी, विजय बना गावडी, भारत पोरवाल कांग्रेस नेता, सचिन सक्सेना देवेंद्र श्रीवास्तव गायत्री परिवार, केशर सिंह पटेल, महेश कुमावत मुख्य कार्यालय अधीक्षक रेलवे, संगीता दोराया महिला मंडल अध्यक्ष, माया कुमावत पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष, प्रीति कुमावत महिला मंडल सचिव ने आरती की।

### आज होगा कृष्ण सुदामा प्रसंग के साथ समापन ...नगर भोज के होगा

आज कृष्ण सुदामा प्रसंग के साथ 7 दिवसीय कथा की पूणार्हुति होगी। तत्पश्चात शाम 6 बजे से नगर भोज प्रारंभ होगा। साथ ही 31 दिसंबर को संस्कृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा। शंख ध्वनि के साथ नववर्ष का स्वागत किया जाएगा।

श्री श्री मित्र जीव जी राष्ट्र निर्माण के पथ पर एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में निरंतर कार्यरत हैं। उनका दृढ़ विश्वास है कि समाज और राष्ट्र का सशक्त निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के हर कर्म को धर्म, सत्य और सही आचरण से जोड़े। इसी भाव के साथ उन्होंने अब तक भारतभर में 300 से अधिक प्रभावशाली सत्रों का संचालन किया है, जिनमें कॉरपोरेट जगत, पुलिस बल, भारतीय सेना, मंदिरों एवं महाविद्यालयों जैसे विविध क्षेत्र सम्मिलित हैं। श्री श्री मित्र जीव जी अपने कार्य के माध्यम से मैत्री भाव का संदेश जन-जन तक पहुँचा रहे हैं। ऐसा भाव जो मनुष्य को मनुष्य से, समाज को समाज से और व्यक्ति को राष्ट्र से जोड़ता है। श्री श्री मित्र जीव जी, मैत्रेय दादा श्रीजी प्रसिद्ध परिवर्तन-प्रणेता एवं मैत्रीबोध परिवार के संस्थापक के प्रत्यक्ष शिष्य हैं। अपने प्रभावशाली आध्यात्मिक राष्ट्रीय कार्य से श्री श्री मित्र जीव जी एक ऐसे भारत के निर्माण में योगदान दे रहे हैं, जहाँ चेतना जागृत हो, मूल्य सुदृढ़ हों और प्रत्येक नागरिक अपने सही कर्म से राष्ट्र को सशक्त बनाए। स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि समाज को जोड़ने और जातिगत नफरतों को मिटाने के लिए स्वर्णिम भारत मंच द्वारा एक अनूठा प्रयास करते हुए पहली बार राष्ट्र ध्वज तले श्रीमद् भागवत कथा एवं सामाजिक सद्भाव सम्मेलन का आयोजन भगवान श्री चिंतामन गणेश की मुख्य यजमानी में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक बीमा हॉस्पिटल परिसर गाड़ी अड्डा चौराहा आगर रोड पर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है।

# महाकाल की नगरी में मार्शल आर्ट्स का महाकुंभ

### उज्जैन में 6वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता का ऐतिहासिक समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक और सांस्कृतिक राजधानी उज्जैन के खेल इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। शहर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया स्टेडियम (नानाखेड़ा) में आयोजित तीन दिवसीय '6वीं राष्ट्रीय मार्शल आर्ट्स गेम्स 2025' का अत्यंत भव्य, अनुशासित और सफल समापन हुआ। 27 से 29 दिसंबर तक चले इस खेल महाकुंभ में देशभर के 20 से अधिक राज्यों के 1,000 से अधिक मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और साहस का परिचय दिया।

इस विशाल आयोजन की सफलता के पीछे आयोजक सचिव विशाल सिंह सोलंकी की कड़ी मेहनत और दूरदर्शी सोच रही। मार्शल आर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में और ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स लाठी एसोसिएशन की मेजबानी मे आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम को ठा. शिवप्रताप सिंह चौहान (आयोजक चेयरमैन) ठा. संजय सिंह बैश (संयोजक) गजानंद राजपूत (महासचिव, मार्शल आर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया), गौरव रोकड़े (आयोजक अध्यक्ष) अरविन्द जोशी,गोपाल माहेश्वरी,प्रमोद विश्वकर्मा,अभिलाष जैन,करुणा शितोले, लोकेंद्र मंडोवरा,पवन पंवार, ओ पी हारोड़ के नेतृत्व ने नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया।



### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

इस अवसर पर विशेष अतिथि अनिल जैन विधायक उज्जैन उत्तर, संजय अग्रवाल जिला अध्यक्ष बीजेपी, विशाल राजोरिया द्वारा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा, ₹मार्शल आर्ट्स केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह आत्मरक्षा, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के लिए चरित्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है।₹ इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राकेश मिश्र (राष्ट्रीय अध्यक्ष, इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन) और पूज्य श्री 1008 दादूजी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिन्होंने खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

तीन दिनों तक चले इस आयोजन में खिलाड़ियों ने कराटे, कुंगफू, वुशु, ताइक्वांडो, क्वान की डो, कलारीपयट्टू और बॉक्सिंग जैसी विभिन्न विधाओं में अपना दमखम दिखाया। उद्घाटन समारोह में भव्य मार्च-पास्ट और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रेफरी और निर्णायक मंडल द्वारा पूरी प्रतियोगिता में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखी गई। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों के साथ ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजक अरविंद जोशी, सचिव विशाल सिंह सोलंकी गौरव रोकड़े ने सफल आयोजन के लिए मध्य प्रदेश शासन, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, खेल अधिकारियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

# उज्जैन की छात्राओं ने अयोध्या में बढ़ाया नगर का गौरव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की शिवोम नृत्यकला संस्थान की छात्राओं ने अयोध्या में आयोजित प्रतिष्ठित 9ॅं एडीशन ऑफ कृष्णप्रिया महोत्सव में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से उज्जैन का नाम रोशन किया। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का महोत्सव कृष्णप्रिया कथक केंद्र तथा अमावा राम मंदिर, अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

संस्थान की निर्देशिका मानसी उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव एवं प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच जूनियर कैटेगरी में शिवोम नृत्यकला संस्थान की छात्रा हर्षिता तोमर ने द्वितीय पुरस्कार तथा वर्णिका कुशवाह ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर संस्थान और नगर को गौरवान्वित किया। इसके अतिरिक्त, कथक नृत्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए मानसी उपाध्याय को गुरु सम्मान (उत्कृष्ट कलाकार सम्मान) से सम्मानित किया गया। संस्थान की इस उपलब्धि पर कला जगत एवं नगरवासियों में हर्ष का वातावरण है तथा सभी ने छात्राओं एवं गुरु को इस सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

# भूगोल के विद्यार्थियों ने वेधशाला जंतर मंतर का भौगोलिक भ्रमण किया

### विद्यार्थियों को दी प्राचीन भारतीय खगोल विज्ञान, समय मापन की पद्धतियों, तथा खगोलीय यंत्रों की विस्तृत जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन







प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने वेधशाला जंतर मंतर का भौगोलिक भ्रमण प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यार्थियों को प्राचीन भारतीय खगोल विज्ञान, समय मापन की पद्धतियों, सूर्य-चंद्रमा एवं ग्रहों की गति तथा खगोलीय यंत्रों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भ्रमण के महत्व एवं उद्देश्य के बारे में बताया गया भ्रमण दल में भूगोल विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले के नेतृत्व में हुआ आपने भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में अध्ययन किए गए विषयों को वास्तविक स्थल पर अवलोकन के माध्यम से समझाना तथा भूगोल और खगोल विज्ञान के आपसी संबंध को स्पष्ट करना था। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक, रोचक एवं उपयोगी बताया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. गणेश राठौर, प्रो. आनंद सिंह ठाकुर, राधेश्याम मेवाड़ा तथा विभाग के शोधार्थी आशीष पंवार, दशरथ प्रसाद, विवेक भारद्वाज, मनु भिंडे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### विचार क्रांति साहित्य मंच की काव्य गोष्ठी में वृद्ध एवं दिव्यांग जनों का सम्मान

**उज्जैन।** विचार क्रांति साहित्य मंच द्वारा महाकाल रोड स्थित अपंग सेवा आश्रम में काव्य गोष्ठी का आयोजन कर दिव्यांग जनों का सम्मान किया गया।

काव्य गोष्ठी के मुख्य अतिथि अपंग सेवा आश्रम के अध्यक्ष आनंदीलाल जोशी तथा विशेष अतिथि सचिव रामचंद्र सोलपंखी एवं वरिष्ठ साहित्यकार कमलेश व्यास कमल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विचार क्रांति साहित्य मंच के अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। सरस्वती वंदना डॉ खुशबू बाफना द्वारा की गई। अतिथियों का सम्मान मंच अध्यक्ष सुगनचंद जैन व संयोजक अनिल पांचाल सेवक तथा उपस्थित कवियों द्वारा किया गया।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि नरसिंह ईनाणी ने किया। काव्य गोष्ठी में गौरव त्रिवेदी, विकास चौरसिया, कमल पटेल, अमित जैन, राजेंद्र जैन, तरुण उपाध्याय, प्रदीप बदनोरे, राकेश खेमसरा, अनिल पांचाल सेवक, मनोहर रांगी, डॉ खुशबू बाफना, कमलेश व्यास, कमल, कवित्री शारदा श्री, नृसिंह ईनाणी, सुगनचंद जैन आदि ने काव्य पाठ किया। विचार क्रांति साहित्य मंच की ओर से आश्रम वासियों का सम्मान कर स्वल्पाहार कराया गया। काव्य गोष्ठी में कवित्री शारदा श्री को वैष्णव बैरागी महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर विचार क्रांति साहित्य मंच द्वारा उनका सम्मान किया गया। अतिथि उद्बोधन में अपँग सेवा आश्रम के अध्यक्ष आनंदीलाल जोशी ने आयोजन की सराहना करते हुए पूरे तीन घंटे कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कविताओं का रसास्वादन किया एवं अच्छी रचनाओं के लिए कवियों की प्रशंसा कर अध्यक्ष सुगनचन्द जैन का सम्मान किया। सचिव श्री सोलपंखी ने भी आश्रम वासियों के बीच इस कार्यक्रम के आयोजन की शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया ।

# श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरिश्वरजी मसा के हस्त निर्मित 421 चित्रों की प्रदर्शनी लगाई

### त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ नयापुरा ने गुरूदेव की 200वीं जन्म शताब्दी पर लगाई प्रदर्शनी



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गुरूदेव श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरिश्वरजी मसा की 200वीं जन्म शताब्दी के निमित्त गुरूदेव के हस्त निर्मित 421 चित्रों की भव्य चित्र प्रदर्शनी जैन ओसवाल धर्मशाला में त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ नयापुरा के तत्वावधान में लगाई गई।

श्रीसंघ के प्रचार मंत्री राजेंद्र पगारिया एवं राजेंद्र पटवा ने बताया कि चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, पूर्व मंत्री पारस जैन एवं पार्षद रजत मेहता, श्रीसंघ अध्यक्ष सुरेश पगारिया, सुभाष दुग्गड़, विजय गादिया, नवीन गिरिया, प्रकाशचंद्र गादिया, कपिल सकलेचा, राजमल चत्तर द्वारा किया गया। गुरूदेव के चित्रों की हस्त निर्मित प्रदर्शनी में समाज के बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी ने गुरूदेव के दर्शन एवं वंदन का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर धूप, दीप, अक्षत, पुष्प पूजा का लाभ राजेशकुमार योगेश कुमार कांतिलाल पगारिया ने लिया। दादा गुरूदेव की आरती का लाभ सुरेशचंद हितेश पगारिया परिवार ने लिया। अतिथियों ने भी गुरूदेव के गुणों की व्याख्या की। राजेश पगारिया ने सभा का संचालन किया। आभार अतुल चत्तर ने माना। इस अवसर पर मनीष पीपाड़ा, अंशुल गिरिया, अजीत लुकड़, प्रतीक लुकड़, आशीष पीपाड़ा, निलेश संघवी, अशोक चत्तर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# अभियंताओ को डामरीकृत कार्य में सावधानी बरतने के साथ बताए तकनीकी पहलु

### लोक निर्माण विभाग के अभियंताओ को दिया डामरीकृत कार्य हेतु प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र उज्जैन एवं एल्युमनी एसोसिएशन उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के तत्वावधान में लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र उज्जैन के सभी अभियंताओ को डामरीकृत कार्य के तकनीकी पहलुओ एवं कार्य में की जाने वाली सावधानियो के सबंध में एक प्रशिक्षण का आयोजन उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के डॉ. विश्वेश्वरैया सभा कक्ष में किया गया। इस अवसर पर इंडिय रोड कांग्रेस के एग्जीक्युटीव मेम्बर सार्वजनिक बाधकाम विभाग (लो.नि.वि) महाराष्ट्र के भूतपूर्व मुख्य अभियंता, श्री राम कानीकर द्वारा उपस्थित अभियंताओ को डामरीकृत कार्य के तकनीकी पहलुओ तथा कार्य में की जाने वाली सावधानियो के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया। विभिन्न विषयो पर उन्होने विडियो के माध्यम से डामरीकृत कार्यो के प्रत्येक स्तर को बखुबी रूप से उपस्थित अभियंताओ को समझाया। प्रशिक्षण के अंत में उपस्थित अभियंताओ का मूल्यांकन टेस्ट लिया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र उज्जैन के मुख्य अभियांत श्री योगेन्द्र सिंह बागोले, अधीक्षण यंत्री जी.पी पटेल, सभी कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

# शिक्षाविद् भार्गव राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




अखिल भारतीय भार्गव सभा के 134वें अधिवेशन में दिव्यांग जनों के लिए समर्पित शिक्षाविद् राकेश भार्गव को उनके उल्लेखनीय एवं सामाजिक एवं शैक्षणिक योगदान के लिए राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अधिवेशन के अवसर पर उन्हें राधा रानी -श्री प्रयाग नारायण भार्गव (आगरा) स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया सम्मान में प्रशस्ति पत्र, चांदी का मेडल एवं स्मारिका प्रदान की गई सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय भार्गव सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल भार्गव, प्रधान सचिव संजय भार्गव, कोषाध्यक्ष विजय भार्गव, उपाध्यक्ष मोहित भार्गव, अजय भार्गव, डॉ. विवेक भार्गव, अखिलेश भार्गव आदि उपस्थित थे। यह सम्मान उनके द्वारा समाज, शिक्षा एवं दिव्यांगजनों के लिए किए गए सतत और प्रेरणादायी कार्यों का प्रतीक है।

श्री भार्गव प्राचार्य पद से सेवानिवृत होने के पश्चात भी निरंतर समाज सेवा में सक्रिय हैं उन्होंने दिव्यांग जनों के उत्थान हेतु अनेक सराहनीय कार्य किए हैं उनके द्वारा दिव्यांग जनों को माता वैष्णो देवी, हरिद्वार, पशुपतिनाथ मंदसौर ओंकारेश्वर वल्लभ भवन भोपाल जैसी अनेक धार्मिक यात्राएं कराई गई साथ ही दिव्यांग जनों के लिए विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन भी किया गया इसके अतिरिक्त श्री भार्गव विगत 6 वर्षों से नित्य नैवेद्यमसंस्था के माध्यम से रामघाट पर आने वाले यात्रियों को प्रातः निशुल्क प्रसादी वितरण के कार्य में

# असंगठित ई रिक्शा चालक परिचालक संघ के साथ हुई आरटीओ में बैठक



### यातायात को सुधारने हेतु चर्चा हुई, ई रिक्शा को शिफ्टिंग में चलाया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

30 दिसंबर को असंगठित ई रिक्शा चालक परिचालक संघ के पदाधिकारी, मैजिक यूनियन तथा आर टी ओ की संयुक्त मीटिंग ई रिक्शा के संचालन को लेकर हुई। जिसमें यातायात सुधार में पूर्व के अनुसार शिफ्टिंग में ई रिक्शा चलाए जाने, 2025 में खत्म हुए एक वर्ष के परमिट को खत्म होने के बाद 2026 में ई रिक्शा शिफ्टिंग में चलाए जाने की परमिट का पंजीयन शुरू किया जाकर शहर के यातायात को सुधारने हेतु चर्चा हुई तथा निर्णय लिया कि ई रिक्शा को शिफ्टिंग में चलाया जाएगा।

ई रिक्शा ऑटो व अन्य वाहनों के बीमा परमिट फिटनेस लाइसेंस आदि दस्तावेजों की चेकिंग शुरू की जाकर यातायात नियमो का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों पर यातायात नियम न मानने पर कार्यवाही की जाएगी। मीटिंग में रविन्द्र भूरिया ऑफिसर सुप्रियेडनरेंट, नरेंद्र धंधेरवाल, के सी एस किरार, प्रदीप शर्मा, अनिल रॉय, मंडल ई रिक्शा मैजिक यूनियन के प्रतिनिधि मंडल के मैजिक यूनियन से श्याम मेहता, असंगठित ई रिक्शा चालक परिचालक संघ से संरक्षक लक्ष्मीनारायण रजक, अध्यक्ष विजय जैन, उपाध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा, सहमंत्री मधुसूदन नागर, राजू जैन, रफीक खान आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी असंगठित ई रिक्शा चालक परिचालक संघ के जिला महामंत्री अशोक गोमे ने दी।

### सिक्किम, प्रयागराज, बनारस से युवा विद्यार्थियों शामिल हुए

**उज्जैन।** अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में वसुधैव कुटुम्बकम की पावन अवधारणा को साकार करता अंतरराष्ट्रीय युवा छात्र सम्मलेन अत्यंत हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पारंपरिक तिलक स्वागत एवं बैंड की धुन के मधुर स्वरों के साथ किया गया, जिसने वातावरण को उत्सवमय बना दिया ।

कार्यक्रम संयोजक राहुल पंडया ने बताया की इस कार्यक्रम में ब्राजील, इटली, लिथ्वानिया व देश के सिक्किम, प्रयागराज, बनारस से युवा विद्यार्थियों शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन आनंद पंड्या, डायरेक्टर राहुल पंड्या, अकादमिक डायरेक्टर सरोज वागले, वाइस प्रिंसिपल पल्लवी दिवाकर एवं समन्वयकों द्वारा सभी अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय अतिथियों का मोती माला एवं दुपट्टा भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया ।

# शिप्रा क्लब की झोन एवं रीजन की आधिकारिक यात्रा संपन्न

### ध्वज वंदना के साथ की विश्व शांति की प्रार्थना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




लायंस क्लब उज्जैन शिप्रा की झोन चेयरपर्सन एवं रीजन चेयरपर्सन की आधिकारिक यात्रा संपन्न हुई।

क्लब सचिव दीपक राजवानी ने बताया कि सर्वप्रथम ध्वज वंदना एवं विश्व शांति की प्रार्थना लायन मोना सिद्धा ने पढ़ी। अध्यक्षीय उद्बोधन लायन प्रवीण खंडेलवाल ने दिया। झोन चेयरपर्सन लायन भूषण नायक एवं रीजन चेयरपर्सन लायन सत्येंद्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में क्लब के सदस्यों पदाधिकारी के समक्ष मंचासीन अधिकारियों का माला एवं दुपट्टा पहनकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष उद्बोधन के पश्चात सचिव दीपक राजवानी ने 1 जुलाई से अभी तक हुए कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। जिसे सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी ने क्लब में अभी तक हुए कार्यक्रमों की भुरी भुरी प्रशंसा की। झोन चेयरपर्स लायन भूषण नायक ने क्लब के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी का परिचय कराया एवं क्लब जो अभी तक नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है उसे और नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए सदस्यों एवं पदाधिकारी को प्रेरित किया। इंटरनेशनल लायंस क्लब के कुछ नियम भी सदस्यों एव पदाधिकारी को बतलाएं। इसके पश्चात रीजन चेयरपर्सन लायन सत्येंद्र श्रीवास्तव द्वारा क्लब में किए गए उत्कृष्ट एवं ऐतिहासिक कार्यों की भुरी भुरी प्रशंसा की। जिस तरह शिप्रा क्लब का नाम है इस तरह शिप्रा क्लब प्रवाहमान होते हुए कई ऐतिहासिक कार्यक्रम कर रही है एवं रीजन चेयरपर्सन ने क्लब के कार्यक्रम में आगे भी इसी तरह गतिमान रहने के लिए प्रेरित किया एवं झोन चेयरपर्सन एवं रीजन चेयरपर्सन ने सभी सदस्यों को डिस्ट्रिक्ट की पिन लगाकर सम्मानित किया। संचालन लायन छाया लोखंडे एवं लायन विनिट लोखंडे ने किया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर विशेष आमंत्रित लायन जेपी पंचारिया एवं भूषण नायक एवं क्लब के पदाधिकारी लायन राजेंद्र शाह, डॉ. एसके शर्मा, एसके सिंह, विजय शाह, संजय सिद्धा, अशोक सोलंकी, अमित घारिया, दिनेश गुप्ता, राजेंद्र विजयवर्गीय, रामेश्वर खंडेलवाल, बालकृष्ण सहित क्लब की कई पदाधिकारी महिलाएं भी उपस्थित थी। आभार कोषाध्यक्ष लायन नवीन काकरिया ने किया।

## खबर एक नजर...

### 5 क्विंटल मिठाई का लगेगा भव्य छप्पन भोग

**उज्जैन।** 1 जनवरी चामुंडा माता मंदिर भक्त समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर चामुंडा माता मंदिर भक्त समिति द्वारा मां चामुंडा को भव्य श्रृंगार कर 5 क्विंटल मिठाई का भव्य 56 भोग लगाकर प्रातः आरती के पश्चात से निरंतर रात्रि 12:00 तक दर्शनार्थियों को शुद्ध घी से निर्मित हलवा प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं 2 जनवरी को 56 भोग प्रसादी का वितरण किया जाएगा तथा माता जी के मंदिर को हिमालय पर्वत का रूप देकर श्रृंगार किया जाएगा। चामुंडा माता मंदिर समिति के संयोजक पंडित शरद चौबे , पुजारी पंडित सुनील चौबे, संरक्षक धीरेंद्र नाहटा ,ओमप्रकाश नाहटा द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मां चामुंडा माता मंदिर पर वर्ष भर निरंतर सुबह करीब 800 जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क भोजन का भी वितरण किया जाता है एवं समिति द्वारा धार्मिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक कार्य भी किए जाते हैं। यह जानकारी चामुंडा माता मंदिर के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शाह एवं निखिल चौबे द्वारा प्रदान की गई।

# इंजीनियरिंग कॉलेज-जरूरत मंद छात्र छात्राओं की सहायता करेंगे पूर्व छात्र, राशि स्वीकृत की

### प्रावीण्य सूची में प्रथम रहे विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व छात्रों की संस्था एलुमनी एसोसिएशन की सप्तम वर्षगांठ पर पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय में एकत्रित होकर एलुमनी दिवस (गेसुयाईट-डे) मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रथम बैच 1966 से लेकर 2025 तक उपाधि प्राप्त 100 से अधिक पूर्व छात्र उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती देवी की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर वंदना से किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व प्रोफेसर डॉ व्ही एस ओबेजा, डॉ एन के श्रीवास्तव, एवं श्री डी एस विश्नोई का अभिनंदन एवं सम्मान शाल-श्रीफल भेंट कर किया गया। पूर्व प्रोफेसरों ने पूर्व छात्रों को आशीर्वचन देते हुए उदबोधन दिया।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उमेश पेंढारकर तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे। वर्ष 2025 की प्रावीण्य सूची में प्रथम रहे सभी संकायों के विद्यार्थियों खुशबू भोयार, शिवाली पटेल, प्रियांशी वर्मा, सृष्टि चौबे, विनय द्विवेदी, महेश पाटीदार, को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया ।

कॉलेज के पूर्व छात्र स्ट्रक्चर इंजिनियरिंग में देश भर में जानी मानी हस्ती श्री पी एस पाटनकर को उनके द्वारा किए गए तकनीकी कार्यों के लिए



एवं श्री दीपक शर्मा को मध्य प्रदेश शासन द्वारा डॉ. विश्वेश्वरैया सम्मान से सम्मानित किए जाने पर एसोसियेशन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर आयोजित वार्षिक साधारण सभा में एसोसिएशन द्वारा किए गए कार्यों का विवरण एसोसिएशन के सचिव डॉ संजय वर्मा एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय का लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष डॉ डी. के सकरावदीया द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ उमेश पेंढारकर द्वारा कॉलेज के जरूरत मंद छात्र छात्राओं की सहायता करने का आह्वान किया एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कोमल भूतड़ा द्वारा उनके प्रस्ताव का समर्थन करते हुए उपस्थित पूर्व छात्रों से सहयोग करने का आह्वान किया तदोपरान्त उपस्थित 1975 - 80 के पूर्व छात्रों ने तथा 1966-71 के वरिष्ठ पूर्व छात्रों ने रुपए 1.5 लाख की राशि देना स्वीकृत किया।

एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य हेमराज राठौर, मदनमोहन सिंघल एवं स्वर्ण जयंती बैच के पंकज झवर ने अपने उदगार व्यक्त किए एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा प्रवेश के स्वर्ण जयंती एवं रजत जयंती के अवसर पर उपस्थित पूर्व छात्रों का अंगपट्टिका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

स्वागत भाषण शोभा खन्ना द्वारा किया गया। अध्यक्ष कोमल भूतड़ा द्वारा अपने उद्बोधन में सभी पूर्व छात्रों से जरूरत मंद छात्र छात्राओं, एसोसिएशन के गेस्ट हाउस तथा वर्ष 2026 में कॉलेज के स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर

## संगठित हिंदू होगा तभी समर्थ भारत बनेगा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बड़नगर

सकल हिंदू समाज द्वारा राजगुरु बस्ती के वासियों का 11 जनवरी को हिंदू सम्मेलन होगा। उसके तहत शांति निकेतन पर कार्यालय का उद्घाटन के साथ ही समिति का निर्माण किया।५ कार्यक्रम में 4 हजार से अधिक हिन्दू परिवार के परिवारजन सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में कई धार्मिक आयोजन के साथ संत समाज और वक्ताओं का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन के साथ समरसता भोज भी होगा । हिंदू सम्मेलन के पूर्व प्रभात फेरी, मंदिरों में महाआरती और बस्ती के गली मोहल्लों में बस्ती वासियों द्वारा साज सज्जा भी की जाएगी । इस कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए समिति भी बनाई गई। जिसमें संयोजक संदीप खटोड़ के साथ 2 सह संयोजक सीताराम लाइनमैन और ओम चोरमा रहेंगे। कोषाध्यक्ष में प्रकाश पंचोली को बनाया गए।

## ब्राह्मण समाज नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**बड़नगर।** अखिल भारतीय औदिच्य ब्राह्मण महासभा के विगत दिनों हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनावों में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पटेल सत्यनारायण त्रिवेदी का मंगलवार को बड़नगर आगमन पर डॉ. अजय त्रिवेदी मित्र मंडल द्वारा नगर पालिका गेट पर भव्य स्वागत किया। ढोल ढमाको के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष त्रिवेदी को साफा बांधकर पुष्पमाला पहनाई गई। इस अवसर पर तेजसिंह राठौड़, सतीश वर्मा, अजय दौराया, राजेंद्र अग्रवाल, अनिल यादव ,राकेश भूरिया, गौरव जैन, सूरज चौहान, राम राठौड़, रोहित चौहान ,शुभम देवड़ा, दिलीप त्रिवेदी, मुकेश रावल, अश्विन त्रिवेदी, मनोज रावल, विकास त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

# हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट ने फूंका बांग्लादेश का पुतला

### प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया, कहा मुख्यमंत्री के गृह नगर में भी रोहिंग्या मुसलमान रच रहे साजिश

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार की पराकाष्ठा हो गई है। हिन्दुओं को जिंदा जलाया जा रहा है उनके निवास, प्रतिष्ठान, वाहनों को जलाया जा रहा है हिन्दू माता बहनों के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है। यहां तक कि भारतीय दूतावास तक बांग्लादेश में सुरक्षित नहीं रहा। बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के विरोध में राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट उज्जैन इकाई द्वारा बांग्लादेश का पुतला दहन किया गया।

राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट उज्जैन इकाई के कृष्णा मालवीय ने बताया कि मोहम्मद युनुस के वर्ष 2024 में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार नियुक्त



होने के पश्चात से बांग्लादेश में हिन्दूओं पर अत्याचार बढ़ गया है। खुलेआम उनके मानवाधिकारों का हनन किया जा रहा है और आतंकवादियों की पैरोकारी करने वाले तथाकथित मानवाधिकार संगठन व राजनीतिक संगठन भी उनके निजी स्वार्थों की खातिर मौन बने हुए है ऐसे में बांग्लादेश के कट्टरवादी संगठन, कट्टवादी नागरिक मिलकर कट्टरवादी मुख्य सलाहकार मो. युनूस के संरक्षण, निर्देशन में खुलेआम हिन्दुओं को मौत के घाट उतार रहे है और हमारी सनातनी सरकार पूरी तरह मूकदर्शक बनी हुई है जबकि कुछ ही माह पूर्व ही हमारे भारत की माता बहनों का सुहाग उजाडने वाले पाकिस्तान के आतंकवादियों को कड़ा जवाब देते हुए आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के आतंकी किलों को ढहाकर पूरे विश्व में भारत का एक बार फिर डंका बजाया था तो आखिर क्या कारण है कि इस बार हिन्दु भाई बहनों के साथ हो रहे शारीरिक शोषण, उनकी हत्या को लेकर अब तक प्रति उत्तर में कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि भारत प्रतीक्षा कर रहा है कि जल्द बांग्लादेश को जबाव नहीं दिया गया तो निश्चित ही बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू पूरी तरह नगण्य याने शून्य के आंकड़े पर पहुंच जाएंगे और यह सनातनी सरकार के लिये बेहद दुःखद व शर्मनाक हो सकता है। दूसरी ओर बांग्लादेश के रोहिंग्या मुसलमान हमारे देश व विशेषकर मध्यप्रदेश एवं मुख्यमंत्री के गृह जिले में विभिन्न गांवों, तहसीलों तथा शहर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में कारीगर, श्रमिक आदि बनकर भारतीय नागरिक के रूप में दिखावटी तौर पर रहकर हमारे देश व प्रदेश को खोखला करने तथा इनका इस्लामिक राष्ट्र 2047 का एजेंडा तेजी से चलाने में लगे है जिस कारण आये दिन लव जेहाद, लेड जेहाद हो रहा है तथा जिले व प्रदेश में दंगों, सांप्रदायिक तनाव की सख्या काफी बढ़ गई है। महाकाल मंदिर के पास तो कुछ वर्ष पूर्व तत्कालीन पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक आदि तक तक पर पत्थरबाजी व हमले हो चुके है इससे गंभीर स्थित्ति और क्या होगी? बांग्लादेशी घुसपैठिये हमारे नगर, जिले व प्रदेश, देश की एकता, अखंडता व सुरक्षा को सेंध लगा रहे है व कानून व्यवस्था चौपट करने में लगे है।

प्रदर्शन में शामिल जिलाध्यक्ष देवेन्द्र प्रजापति, संगठन मंत्री पप्पू भाटिया, तूफान सिंह, दिनेश भाटिया, नर्मदा प्रसाद चौधरी, बालकिशन दरिया, युवराज मालवीय, प्रशांत मालवीय, मुकेश रघुवंशी, रवि वर्मा, आयुष प्रजापत, भोला प्रजापत, जितेन्द्र परमार, कुशाल जासँग, विशाल मालवीय, मयुर कौरी, दिपक परिहार, सुनिल सिलोदिया, शुभम प्रजापत, संजू बेरागी, रूपसिंह जाट, चिमन मालवीय ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

# शराब पीकर वाहन चलाते पाये गये तीन दो पहिया एवं एक चार पहिया वाहन पुलिस ने किया जप्त

### 31 दिसम्बर व 01 जनवरी को मद्धेनजर रखते हुये की गई कार्यवाही व आगे भी रहेगी जारी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बड़नगर

बड़नगर। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन मे 31 दिसम्बर को मद्धेनजर रखते हुये कानुन व्यवस्था बनाये रखने के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वालो के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी महेन्द्र परमार के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार द्वारा बडनगर थाना क्षैत्र में शराब पीकर वाहन चलाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है ।




थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि बडनगर द्वारा 31 दिसम्बर 2025 एवं 01 जनवरी 2026 को मद्धेनजर रखते हुये थाना क्षैत्र में शराब पीकर वाहन चलाने वालो के विरूद्ध सतत कार्यवाही करते हुये तीन दो पहिया वाहन एवं एक चार पहिया वाहन कुल चार वाहन चालको के विरूद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये चारो वाहनो को जप्त किया गया है, एवं थाना क्षैत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं जानमाल की हानी रोकने के लिए कार्यवाही वृहद स्तर पर आगे भी जारी रहेगी ।

# विद्यांजली इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बड़नगर

स्थानीय विद्यांजली इंटरनेशनल स्कूल में 30 दिसम्बर, मंगलवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता (एनुअल स्पोर्ट मीट) का आयोजन तहसीलदार रुपालि जैन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथि के थाना प्रभारी अशोक पाटीदार , चिकित्सक डॉ. प्रखर काबरा उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्था के पितृ पुरुष साजनदासजी संगतानी, संस्था प्रबंधक मनोज संगतानी, निर्देशक विश्वास संगतानी व संस्था प्राचार्या इंदु पंजाबी भी मंचासीन थे। कार्य्रक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलवन कर किया गया। विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत पर नृत्य किया गया। जिसको उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों ने खुब सराहा। इस अवसर पर डॉ. प्रखर काबरा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है, वहीं उनके शरीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। थाना प्रभारी पाटीदार ने अपने उदबोधन में कहा कि बच्चों को प्रतिदिनें 10 से 15 मिनट कसरत करनी चाहिए।

बच्चों में खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को लेकर ही स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया गया है। कक्षा नर्सरी से 12वीं के छात्र-छात्राओं की कराटे, योगासन, रुमाल रेस, बॉल बेलेंस, पिक एण्ड ड्राप रेस, मेथ्स रेस, बुक बैलेंस रेस, रिले रेस, रस्सी खींच, 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़, बोरा रेस, त्रिपाव रेस, सहित अन्य प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्राफी व प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर एक नजर...



### वार्ड 18 व 19 के जुलाहापुरा में 17 लाख से बनेगा सीसी रोड

जावरा ।नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत नगर में स्वीकृत हुए विकास कार्यों में वार्ड क्रं. 18 जुलाहा पुरा(साबुन वाली गली )एवं इमाम बाड़ा चौक में सी.सी. रोड निर्माण कार्य राशि 17.02 लाख रुपये का प्रारंभ किया गया। निर्माण कार्य का शुभारंभ के अतिथि डॉ. एच.एस. राठौर, सुजानमल कोचट्टा, शांतिलाल दसैड़ा, पूर्व न.पा. उपाध्यक्ष हिरालाल मेहता महेन्द गंगवाल, बलवंतसिंह राठौर के द्वारा किया गया । साबुन वाली गली से मुगलपुरा चौक तक वार्ड क्रं. 18 व 19 के रहवासियों की वर्षों पुरानी मांग को न.पा. ने पुरी की इस अवसर पर सर्वप्रथम सभी अतिथियों का पूर्व न.पा. अध्यक्ष मो. युसुफ कड़पा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।, न.पा. उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, लो.नि.वि. सभापति इरफान मुबारिक हुसैन, राजस्व सभापति लोकेश विजवा, सभापति आसिफ कबाड़ी सभापति प्रतिनिधि अनिश कल्याणे, वार्ड पार्षद काना हाड़ा, सहायक यंत्री शुभम सोनी, उपयंत्री लोकेश कुमार विजय एवं प्रजाकार्य शाखा लिपिक हरेन्द्र सेमिल, पार्षद प्रतिनिधि शौकत भाई, खालीद भाई, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष उबैद अन्सारी, कार्यवाह अध्यक्ष अजीजउर्रमान पठान, मन्नान कड़पा, वार्ड के सलीम भाई, राजा भाई, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लोकेश विजवा ने किया व अभार पार्षद कन्हैयालाल हाड़ा ने माना।

### जनशिक्षा केंद्र पर विषय आधारित प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

जावरा । जनशिक्षा केंद्र रिंगनोद पर विषय आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में लगभग 14 माध्यमिक विद्यालयों से 61 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।ये सभी छात्र छात्रा शाला स्तर से चयनित हुए थे।गणित,विज्ञान,सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण विषय के मॉडल एवं चार्ट प्रदर्शन करते हुए छात्र छात्राएं बहुत उत्साहित नजर आए। चयनकर्ताओं द्वारा मॉडल का चयन किया गया। जनशिक्षक सौरभ गुप्ता ने बताया जनशिक्षा केंद्र रिंगनोद से चयनित छात्र छात्रा अब विकासखंड में होने वाली प्रदर्शनी में भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड स्त्रोत समन्वयक चरण सिंह चंद्रावत, विशेष अतिथि ब्लॉक समन्वयक रितेश चोपड एवं अध्यक्षता जन शिक्षा केंद्र प्रभारी संजय कुमार भट्ट ने की। संचालन दीपक श्रीमाल ने किया एवं आभार अंगूरबाला पाटीदार ने माना।

### पेंशनरों ने मुख्यमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया

मन्दसौर। सेवानिवृत्त एवं पेन्शनर नागरिक महासंघ मन्दसौर द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम पेन्शनरों की लम्बित मांगों का ज्ञापन तहसीलदार प्रियंका मिमरोट को दिया गया। ज्ञापन मे शासन से मांग की गई कि प्रदेश के पेन्शनरों को जुलाई 2025 से 58 प्रतिशत महंगाई राहत दी जावे, म.प्र. छत्तीसगढ़ विभाजन 2000 की धारा 49/6 समाप्त की जावे, मान. उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार 32 माह का एरियर भुगतान के आदेश जारी करे, कम्युटेशन की राशि 10 वर्ष 8 माह में वसूली की जावे सहित 12 सूत्रीय मांगों के ज्ञापन दिए गए । उपस्थित पेंशनरों को डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने सम्बोधित किया। ज्ञापन का वाचन अशोक नागदा नगर सचिव व चन्द्रकान्त शर्मा जिला सचिव ने किया। इस दौरान कोमल वाणवार, विष्णुलाल भदानिया, शिवनारायण व्यास, एस के जोशी, ओमप्रकाश शर्मा, लक्ष्मीनारायण सोनी, सीरमल आसवानी, सुरेश राऊत, डॉ. देवीलाल सेठिया, हरिसिंह यादव,अशोक पंवार, रमेशचन्द्र भूरिया, अमृतलाल पाण्डे, श्याम सोनी, के एल मेहरा, दशरथ शर्मा आदि उपस्थित थे। आभार अजीजुल्ला खान ने माना ।

# युवा सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मक संदेश दें

## भाजयुमों प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का मंदसौर में हुआ भव्य स्वागत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

भाजपा जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का मंगलवार को मंदसौर आगमन हुआ। भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन कर वाहनों के काफिले के साथ श्री पटेल रैली के रूप में कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम पहुंचे। रास्ते में मंच बनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री टेलर ने कहा कि हम सब विश्व कि सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के युवा स्तंभ है अर्थात एक युवा मोर्चा कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के पक्ष मे हम सब की कार्यशैली काफी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। आज आवश्यकता है कि युवा सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मक संदेश दें और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम का तथ्यों के साथ जवाब दें। संगठन में पद नहीं, बल्कि कार्य ही पहचान बनाता है।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि भाजपा का युवा मोर्चा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त शक्ति है। आज का युवा ही भारत का वर्तमान और भविष्य दोनों है। युवाओं को सोशल मीडिया, जनसंपर्क, सेवा कार्य और नवाचार के माध्यम से संगठन को मजबूत करना होगा। हमें केवल चुनाव के समय ही नहीं, बल्कि वर्षभर जनता के सुख-दुख में सहभागी बनना है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि आप सभी संगठन की वह शक्ति हैं, जो जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करती है। युवा मोर्चा ही भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य करता है। संगठन में कार्यकर्ता सर्वोपरि होता है और युवाओं का दायित्व है कि वे संगठन की रीति-नीति को समझकर पूरी निष्ठा से कार्य करें। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील पटेल ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमों जिला महामंत्री बंटी चौहान ने किया और आभार भाजयुमों जिला महामंत्री चिंटू शर्मा ने माना। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमय अप्टे, प्रदेश कोषाध्यक्ष जयंत गरुण, प्रदेश कार्य समिति सदस्यगण राकेश पाटीदार, अनुकूल सोनी, संदीप सिंह राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता मदनलाल राठौर, अनिल कियावत, सुषमा आर्य, मुकेश काला, विजय सुराना, धीरज पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## अति. पुलिस महानिदेशक उज्जैन ने नीमच जिले का भ्रमण किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेश जोगा दिनांक 28 दिसम्बर की सायं जिला नीमच पहुँचें। नववर्ष पर सुरक्षा व्यवस्था एवं अपराधों के निराकरण को लेकर पुलिस नियंत्रण कक्ष नीमच स्थित सभाकक्ष में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के प्रभारियों की बैठक ली गई। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेष जोगा द्वारा अपराधों के निराकरण एवं माह दिसम्बर में कुकडेश्वर थाना क्षेत्र में गांजे की अवैध खेती के विरुद्ध लगातार 3 कार्यवाहियों एवं अन्य थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थो तस्करों के विरुद्ध की गई अच्छी कार्यवाही पर नीमच पुलिस की प्रशंसा की गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा नववर्ष पर सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए एवं जिले में घटित अपराधों के संबंध में निर्देश दिये गयें।

## ई स्कूटी से 40 किग्रा व झोपड़ी से 160 किग्रा डोड़ाचूरा जब्त, दो गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸

नईआबादी मंदसौर थाना पुलिस ने बिना नम्बर की ई स्कूटी से परिवहन कर ले जाया जा 40 किग्रा व खेत बनी झोपडी से 60 किग्रा कुल 2 क्विंटल अवैध मादक पदार्थ डोड़ा चूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 30 दिसम्बर को मुखबिर की सूचना पर थाना नईआबादी टीम द्वारा घेराबंदी कर खेल मैदान के पास बाजखेडी से छाजुखेडा कच्चे रास्ते पर बाजखेड़ी निवासी आरोपी जाहिद (22) पिता आजाद अजमेरी व सद्दाम (35) पिता मुबारीक अजमेरी के कब्जे से बिना नम्बर की इलेक्ट्रानिक स्कूटी पर परिवहन किया जा रहा दो प्लास्टिक के कट्टों से कुल 40 किलोग्राम डोडाचुरा को जब्त किया गया तथा आरोपीगणों से पूछताछ के दौरान खेत पर बनी झोपडी में भण्डारण किया गया 8 काले रंग के प्लास्टिक के कट्टों से कुल 160 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

**एसआईआर कार्य को लेकर जागरूक रहे भाजपा कार्यकर्ता- सुरेश आर्य-** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) को लेकर भाजपा कार्यालय मे रतलाम ग्रामीण और शहर विधानसभा क्षेत्र की बैठक हुई७ भाजपा के संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कार्यकर्ताओं से एसआईआर कार्य को लेकर जागरूक रहने का आव्हान किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। एसआईआर जिला टोली संयोजक नितिन लोढ़ा, विधानसभा संयोजक जयवंत कोठारी, बाबूलाल कर्णधार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### समाजसेवी अश्विन शर्मा का आकस्मिक निधन

**रतलाम।** नगर के प्रख्यात समाजसेवी,रोटरी क्लब डायमंड के अध्यक्ष और विभिन्न खेल संगठनों से जुडे अश्विन शर्मा का आज दोपहर वडोदरा के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे 61 वर्ष के थे। उनके पार्थिव शरीर को रतलाम लाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व.श्री शर्मा को दो दिन पूर्व 28 दिसम्बर की रात अचानक ब्रेन स्ट्रोक आने से वडोदरा ले जाया गया था।

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने ग्राम रानीखेड़ी में विद्युत उप केन्द्र निर्माण का किया भूमि पूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंगलवार को मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रानीखेड़ी में 3.25 करोड़ की लागत से बनने वाले 33/11 के.व्ही. विद्युत उप केन्द्र निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।



इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि ग्राम रानीखेड़ी में प्रस्तावित 33/11 के.व्ही. विद्युत उप केन्द्र के निर्माण से आसपास के ग्रामों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा, वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी तथा ग्रामीणों को निर्बाध और पर्याप्त विद्युत आपूर्ति उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया भी उपस्थित थे।

तीन सड़कों का किया भूमिपूजन-उप मुख्यमंत्री ने ग्राम धमनार में 33 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत की तीन सड़कों का भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन के अंतर्गत 2 करोड़ 99 लाख 84 हजार रुपये की लागत से टकिडा से रावटी व्हाया झाकेड़ा पहुंच मार्ग, 2 करोड़ 74 लाख 58 हजार रुपये की लागत से निपानिया बड़वन से कुचडौद मार्ग तथा 27 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से धमनार से छाजूखेड़ा व्हाया बाबरेचा, दलौदा, लदुसा, छायन, रसूलपुर मार्ग का भूमिपूजन किया गया।

राम कथा में हुए शामिल- उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा रेवास देवड़ा स्थित प्राचीन धुधलेश्वर मंदिर में आयोजित राम कथा में सम्मिलित हुए। राम कथा का वाचन कथा व्यास पीठ के आचार्य श्री रामानुज जी द्वारा किया जा रहा है। श्री देवड़ा द्वारा मंदिर परिसर में कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर भीउपस्थित रहे।

### एक्सीलेंस कॉलेज की अकादमिक यात्रा

मन्दसौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के स्टडी क्लब के तत्वावधान में चल रही शोध पत्र प्रस्तुतिकरण श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस.दुबे ने कहा कि शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और शिक्षकों को अपने अकादमिक कार्यों को साझा करने का अवसर देने के उद्देश्य से इस नवाचारी श्रृंखला की शुरूआत की गई है ।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी श्री विक्रमसिंह भदौरिया पिता श्री राजेन्द्रसिंह भदौरिया, निवासी-बी-7/1 श्री महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, नानाखेडा, उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-11/1 जो भवन क्रमांक-11 का पश्चिम दिशा वाला भाग होकर ३विद्यापति नगर३ नानाखेडा सांवेर रोड, उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन तीन मंजिला आर. सी. सी. की छत का बना है। भवन की पैमाईश में लम्बाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान-15.00 मीटर, चौड़ाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान-5.60 मीटर होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-84.00 वर्गमीटर है। भवन की चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में भवन क्रमांक-11/2, पश्चिम दिशा में-भवन क्रमांक-12, उत्तर दिशा में रास्ता कॉलोनी का एवं दक्षिण दिशा में भवन क्रमांक 4 अन्य का स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है. शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-30.12.2025

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-अ-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. नं.-94259-46659**



## सलमान के बाद सुनील ग्रोवर ने आमिर की नकल उतारी

### एक्टर की मिमिक्री देख फैंस हुए हैरान, कहा- हमें लगा असली आमिर खान आ गए

कॉमेडियन-एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कमाल की एक्टिंग स्किल के लिए जाने जाते हैं। कपिल शर्मा के शो में जब भी वो किसी बॉलीवुड स्टार की कॉपी करते हैं तो फैंस के लिए उन्हें पहचानना मुश्किल हो जाता है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा' के लेटेस्ट एपिसोड में सुनील ग्रोवर ने आमिर खान की मिमिक्री की है। सुनील का ट्रांसफॉर्मेशन देख लोगों को यकीन नहीं हो रहा कि वो सिर्फ नकल कर रहे हैं।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का इस वीक का प्रोमो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे अपनी नई फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के प्रमोशन के लिए गेस्ट बनकर पहुंचे हैं। सुनील, आमिर खान के लुक में गेस्ट से बातचीत करने पहुंचे। सुनील आमिर के अंदाज पर कार्तिक-अनन्या की फिल्म का मजाक उड़ाते दिखे। साथ ही शादी पर में जोक क्रैक किया। सुनील के इस वीडियो पर देख फैंस खूब रिएक्शन दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा- 'अरे मुझे लगा असली वाला आमिर आ गया।' कई अन्य फैंस ने भी ऐसा ही रिएक्शन दिया। वहीं, एक अन्य ने लिखा- 'वह खुद आमिर खान से भी ज्यादा आमिर खान जैसे दिखते हैं।' वहीं, कई अन्य फैंस ने सुनील की कमाल की ट्रांसफॉर्मेशन देखते हुए इसकी तुलना एआई से की। एक ने चुटकी लेते हुए कहा- 'एआई सुनील ग्रोवर को प्रॉम्प्ट देता है।' बता दें कि सुनील लंबे समय तक शाहरुख खान की नकल करने के लिए जाने जाते थे। लेकिन ग्रेट इंडियन कपिल शो में अपने पिछले कुछ परफॉर्मेंस के दौरान, उन्होंने सलमान खान, गुलजार, एसएस राजामौली और अन्य स्टार्स की नकल की है।

# टॉक्सिक में एलिजाबेथ बनकर हुमा कुरैशी बिखेरेंगी जलवा

### अभिनेत्री का बेहद रहस्यमयी और स्टनिंग लुक





भारतीय सिनेमा के गलियारों से इस वक्त की सबसे बड़ी और धमाकेदार खबर सामने आ रही है जिसने 'रॉकिंग स्टार' यश के प्रशंसकों और फिल्मी दुनिया में खलबली मचा दी है। बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के निमार्ताओं ने फिल्म की मुख्य अभिनेत्री हुमा कुरैशी का पहला आधिकारिक लुक जारी कर दिया है जिसमें वे 'एलिजाबेथ' के एक बेहद रहस्यमयी और स्टनिंग अवतार में नजर आ रही हैं। जैसे ही सोशल मीडिया पर एलिजाबेथ के रूप में हुमा की पहली झलक आई, यह देखते ही देखते वायरल हो गई और फिल्म को लेकर चल रही उत्सुकता अब चरम पर पहुँच गई है। यश की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'के.जी.एफः चैप्टर 2' की ऐतिहासिक सफलता के पूरे चार साल के लंबे इंतजार के बाद उनकी बड़े पर्दे पर वापसी हो रही है और हुमा कुरैशी का यह गॉथिक लुक यह साफ कर रहा है कि यह फिल्म भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने वाली है।

जारी किए गए विजुअल्स में हुमा कुरैशी का लुक किसी डार्क फेयरी टेल के किसी बेहद ताकतवर और डरावने किरदार जैसा महसूस होता है। उन्हें एक पुराने कब्रिस्तान के बैकग्राउंड में दिखाया गया है जहाँ चारों ओर टूटे हुए मकबरे और पत्थरों से तराशे गए उदास देवदूतों की मूर्तियाँ एक बेहद रहस्यमयी और गॉथिक माहौल तैयार कर रही हैं। हुमा ने एक ऑफ-शोल्डर ब्लैक गाउन पहना हुआ है और उनके पीछे एक विंटेज कार खड़ी है जो फिल्म की कहानी को एक क्लासिक और डार्क टच दे रही है। उनके इस लुक को विशेषज्ञों द्वारा 'खूबसूरत लेकिन खतरनाक' का एक अनोखा संगम बताया जा रहा है जो यह साफ संकेत देता है कि एलिजाबेथ का किरदार केवल एक ग्लैमरस भूमिका भर नहीं है बल्कि वह इस 'वयस्कों के लिए परी कथा' की कहानी की सबसे जटिल और महत्वपूर्ण धुरी होने वाली है। हुमा कुरैशी ने हमेशा अपनी अदाकारी से दर्शकों को चौंकाया है लेकिन 'टॉक्सिक' में उनका यह अवतार उनके अब तक के करियर की सबसे बड़ी और चुनौतीपूर्ण भूमिका मानी जा रही है। फिल्म की निर्देशक गीतू मोहनदास ने हुमा कुरैशी की कास्टिंग को लेकर एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि एलिजाबेथ के किरदार के लिए सही अभिनेत्री को ढूंढना उनके निर्देशन करियर का सबसे कठिन काम था। उन्होंने कहा कि इस भूमिका के लिए उन्हें एक ऐसी कलाकार की तलाश थी जिसकी स्क्रीन प्रेजेंस बेहद प्रभावशाली हो और जो किरदार की बारीकियों को पूरी गहराई से आत्मसात कर सके।



## बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ीं अजय देवगन और फरहान अख्तर की फिल्में

### अब ओटीटी पर तलाशेंगी नई दर्शक संख्या

नवंबर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई अजय देवगन और फरहान अख्तर की दो बहुप्रतीक्षित फिल्में भले ही बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों को खास प्रभावित नहीं कर पाईं, लेकिन अब ये फिल्में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी किस्मत आजमाने जा रही हैं। रोमांटिक कॉमेडी और वॉर ड्रामा जैसे बिल्कुल अलग-अलग जॉनर की ये दोनों फिल्में अब ओटीटी पर रिलीज होकर नई उम्मीदों के साथ दर्शकों तक पहुंचेंगी। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े जानकारों का मानना है कि सिनेमाघरों में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद ओटीटी प्लेटफॉर्म इन फिल्मों को दूसरा जीवन दे सकता है।

अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे 2 और फरहान अख्तर की 120 बहादुर नवंबर 2025 में बड़े प्रचार और उम्मीदों के साथ रिलीज हुई थीं। हालांकि, रिलीज के बाद दर्शकों का रिस्पॉन्स उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। दे दे प्यार दे 2 जहां एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी के तौर पर दर्शकों को हंसाने आई थी, वहीं 120 बहादुर देशभक्ति और इतिहास से जुड़ी एक गंभीर वॉर ड्रामा फिल्म थी। दोनों फिल्मों की थीम और ट्रीटमेंट अलग होने के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर किस्मत ने दोनों का साथ नहीं दिया। फिल्म दे दे प्यार दे 2 साल 2019 में आई सुपरहिट फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल थी। पहली फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था, यही वजह थी कि इसके दूसरे भाग से भी काफी उम्मीदें थीं। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी एक बार फिर पर्दे पर नजर आई, लेकिन इस बार कहानी और प्रस्तुति दर्शकों को उतनी नहीं भा सकी। फिल्म 14 नवंबर 2025 को रिलीज हुई और लगभग 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस मिलाकर करीब 104.67 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि यह आंकड़ा सुनने में बड़ा लग सकता है, लेकिन बजट के मुकाबले इसे औसत से कमजोर प्रदर्शन माना गया। दूसरी ओर, फरहान अख्तर की 120 बहादुर एक ऐतिहासिक वॉर ड्रामा फिल्म थी, जिसमें उन्होंने मेजर शैतान सिंह की भूमिका निभाई।

# पंजाब की लेडी ड्रग अफसर बनीं ब्यूटी क्वीन

**मिसेज नेशनल में फर्स्ट रनरअप रहीं; सिंगल मदर, चोट लगी तो 6 महीने बेड पर रहीं**







पंजाब की लेडी ड्रग कंट्रोलर अफसर नवदीप कौर ने ड्यूटी के साथ-साथ फैशन की दुनिया में भी पंजाब के साथ ही देश को पहचान दिलाई है। उन्होंने गोवा में हुए सुप्रा मिसेज नेशनल 2025 कांटेस्ट में भारत को रिप्रेजेंट करते हुए फर्स्ट रनर-अप का खिताब अपने नाम किया है। उनका दावा है कि यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह भारतीय महिला है।

उनका यह सफर काफी संघर्षपूर्ण और चुनौतीपूर्ण रहा है। एक समय ऐसा भी आया जब वह पूरी तरह बेड पर आ गई थीं। रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें छह महीने तक बेड पर रहना पड़ा।

डॉक्टरों का कहना था कि शायद वह दोबारा चल भी न सकें, लेकिन उन्होंने खुद को पाजीटिव बनाए रखा, दोगुनी ताकत के साथ खुद को फिर से तैयार किया और आज पूरी तरह उत्साहित हैं।

**25 देशों से आए थे प्रतियोगी–** नवदीप कौर बताती हैं कि यह मुकाबला काफी चुनौतीपूर्ण था। इसमें पूरी दुनिया से 25 देशों के प्रतियोगी शामिल हुए थे, जबकि फाइनल में 12 देशों के प्रतियोगी पहुंचे थे। इसमें पहले नंबर पर रूस, दूसरे नंबर पर भारत और तीसरे नंबर पर उराल का रहा। आज खुशी होती है कि वह इस स्तर पर पहुंची।

**छह साल की उम्र में बनी आरजे–** नवदीप कौर बताती हैं कि वह एक फौजी परिवार से आती हैं। उनके पिता भारतीय वायुसेना में अधिकारी हैं, जबकि माता शिक्षिका हैं। चुनौतियों से लड़ने का जज्बा उन्हें विरासत में मिला है। बचपन में पठानकोट, केरल, राजस्थान, मेघालय और गुजरात के अलावा भारत के विभिन्न हिस्सों में वायुसेना स्टेशनों पर उनका परिवार रहा। इसी दौरान उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया। उनका पहला बड़ा अवॉर्ड बाल चित्र रत्न अवॉर्ड रहा, जो भारत सरकार की ओर से दिया गया। इसके बाद उन्होंने यूनेस्को और ओलंपियाड की परीक्षाएं भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कीं। वह मात्र 6 वर्ष की उम्र में ऑल इंडिया रेडियो की सबसे कम उम्र की रेडियो जॉकी (आरजे) बनी थीं।

**परिवार ने गुजरात से अकेले पंजाब भेजा–** नवदीप कौर बताती हैं कि जब कॉलेज जाने का समय आया, तो परिवार ने उन्हें पंजाब भेजा, ताकि वह अपने मूल स्थान की संस्कृति को समझ सकें। यहीं से जीवन की पहली बड़ी परीक्षा शुरू हुई। उन्हें अकेले ही गुजरात से पंजाब भेजा गया, ताकि वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन सकें। माता-पिता के शब्द आज भी उनके साथ हैं- अगर तुम अकेले पंजाब पहुंच गईं, तो जीवन में जरूर सफल होगी। यहीं उन्होंने सीखा कि खुद पर विश्वास हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। कॉलेज के अंतिम वर्ष में उन्होंने पंजाब पब्लिक सिविल सर्विस परीक्षा उत्तीर्ण की और पंजाब सरकार के ड्रग्स विभाग में ड्रग्स कंट्रोल अफसर के रूप में सबसे कम उम्र की अधिकारियों में शामिल हुईं।

**कई चैनलों में किया काम–** नवदीप बताती हैं कि नौकरी के साथ-साथ उन्होंने अपने एक्टिंग के जुनून को भी जिंदा रखा। एक वर्ष के ब्रेक में वह मुंबई गईं और टेलीविजन इंडस्ट्री में किस्मत आजमाई। इस दौरान उन्होंने कलर्स टीवी और सोनी टीवी जैसे चैनलों के साथ काम किया। इसके बाद अपने बचपन और माता-पिता के सपने एक जिम्मेदार अधिकारी बनने को पूरा करने के लिए, वह दोबारा सेवा में लौट आईं। उन्होंने अपने कर्तव्यों को पूरे समर्पण के साथ निभाया और पंजाब सरकार से चार बार उत्कृष्ट सेवाओं के

### मेडिकल रिपोर्ट में दावा : न्यूजीलैंड से सीरीज नहीं खेलेंगे, ऑस्ट्रेलिया में चोटिल हुए थे

# श्रेयस अय्यर 50 ओवर के मैच के लिए फिट नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› बेंगलुरु

भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को टीम इंडिया में वापसी के लिए इंतजार करना होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका वनडे टीम में चुना जाना मुश्किल है। अय्यर अभी बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिकवरी कर रहे हैं। इस हफ्ते उनकी रिकवरी का आकलन किया जा रहा है।

बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया है कि मेडिकल टीम जल्द ही अपनी रिपोर्ट देगी। श्रेयस वनडे क्रिकेट के लिए पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं। इसलिए टीम में उनका चुना जाना मुश्किल है।

चयन समिति एक दो दिन में 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए स्क्वॉड का ऐलान करेगी। पहला मैच 11 जनवरी को बड़ौदा में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया दौरे में चोटिल हुए थे अय्यर, स्प्लीन में चोट थी श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया दौरे में चोटिल हुए थे। उन्हें 25 अक्टूबर को सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे में चोट लगी थी। उन्हें सिडनी के एक अस्पताल में एडमिट कराया गया था।

अय्यर ने बैकवर्ड पॉइंट से पीछे की ओर दौड़ते हुए एलेक्स कैरी का शानदार कैच लिया। इस दौरान उनकी बाईं पसली में चोट लग गई। इसके बाद वह ड्रेसिंग रूम में लौटे और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

क्या है स्प्लीन स्प्लीन (तिल्ली) शरीर का अहम हिस्सा है, जो पेट के बाईं ओर पसलियों के नीचे होता है। इसका मुख्य काम खून को साफ करना होता है। यह पुरानी और खराब रेड ब्लड सेल्स को नष्ट करता है। इतना ही नहीं, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। यह स्प्लीन संक्रमण से लड़ने में मदद करता है और जरूरत पड़ने पर खून व प्लेटलेट्स को स्टोर करके रिलीज करता है।









## टी-20 वर्ल्डकप के लिए इंग्लैंड की प्रोविजनल टीम का ऐलान

### तेज गेंदबाज जोश टंग को मौका मिला; श्रीलंका दौरे के लिए भी टीम घोषित

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए इंग्लैंड की प्रोविजनल टीम घोषित कर दी है। श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए भी टीम जारी की गई है। यह दौरा वर्ल्ड कप से पहले टीम की तैयारी के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। टी-20 वर्ल्ड कप टीम की कप्तानी हैरी ब्रूक को सौंपी गई है। 15 खिलाड़ियों की इस टीम में जोश टंग को भी जगह मिली है। टंग ने अभी तक इंटरनेशनल लिमिटेड ओवर क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है। आर्चर वर्ल्ड कप टीम में शामिल टीम में जोस बटलर, सैम करन, फिल सॉल्ट और आदिल राशिद जैसे सीनियर खिलाड़ियों को चुना गया है। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया गया है, हालांकि वे श्रीलंका दौरे पर नहीं जाएंगे। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड की प्रोविजनल टीम हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान

## शान मसूद ने सहवाग का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा



### पाकिस्तान में सबसे तेज फर्स्ट-क्लास दोहरा शतक बनाया; 177 गेंदों में डबल सेंचुरी

ब्रह्मास्त्र ›› कराची

पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने घरेलू क्रिकेट में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने पाकिस्तान की धरती पर फर्स्ट-क्लास क्रिकेट का सबसे तेज दोहरा शतक जड़ते हुए भारत के पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

यह उपलब्धि शान मसूद ने सोमवार को कराची में खेले जा रहे प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी ग्रेड-क2025/26 के मुकाबले में हासिल की। यह मैच सुई नॉर्दर्न गैस पाइपलाइंस लिमिटेड और साहिर एसोसिएट्स के बीच खेला जा रहा है, जिसमें मसूद एसएनजीपीएल की ओर से मैदान में उतरे। मसूद ने सिर्फ 177 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया। इससे पहले वीरेंद्र सहवाग ने 2006 में लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ 182 गेंदों में दोहरा शतक लगाया था। इंजमाम-उल-हक का रिकॉर्ड भी टूटा शान मसूद ने पाकिस्तान के सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड इंजमाम-उल-हक के नाम था, जिन्होंने 1992 में 188 गेंदों में दोहरा शतक जड़ा था।

## एमआई ने क्रिस्टन बीम्स को कोचिंग स्टाफ में शामिल किया

### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर को स्पिन बॉलिंग कोच की जिम्मेदारी दी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग 2026 के लिए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर क्रिस्टन बीम्स को स्पिन बॉलिंग कोच नियुक्त किया है। 41 साल की बीम्स ऑस्ट्रेलिया के लिए तीनों फॉर्मेट में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुकी हैं।

क्रिस्टन बीम्स इससे पहले विमेंस बिग बैश लीग, द हंड्रेड और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 महिला टीम में कोचिंग की भूमिका निभा चुकी हैं। बतौर खिलाड़ी उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 1 टेस्ट, 30 वनडे और 18 टी-20 मैच खेले थे।

मुंबई इंडियंस के कोचिंग स्टाफ में अब हेड कोच लिसा कीटली (एमआई के साथ उनका पहला सीजन, इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स की कोच), बॉलिंग कोच और मेंटर झूलन गोस्वामी, बैटिंग कोच देविका पलशिकर और फील्डिंग कोच निकोल बोल्टन के साथ क्रिस्टन बीम्स भी शामिल हो गई हैं।

बीम्स बोलीं-झूलन गोस्वामी के साथ काम करना गर्व की बात टक के इंस्टाग्राम पोस्ट में क्रिस्टन बीम्स ने कहा, यह मेरे लिए एक शानदार अवसर है। झूलन गोस्वामी जैसी दिग्गज खिलाड़ी के साथ काम करना बेहद खास है। मैंने उनके खिलाफ खेला है और अब उनके साथ काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। मुंबई इंडियंस ने एक मजबूत जीतने वाली संस्कृति बनाई है और यह टीम एक परिवार की तरह है।



**एमआई के दो आईपीएल खिताब** - मुंबई इंडियंस ने अब तक हुए तीन एमआई के दो आईपीएल खिताब सीजन में से दो में खिताब जीता है। एमआई के दो आईपीएल खिताब 2026 की शुरूआत 9 जनवरी से होगी, जिसमें टक का पहला मुकाबला 2024 की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। यह 28 दिन का टूर्नामेंट नवी मुंबई और वडोदरा में खेला जाएगा।

पहली बार आईपीएल जनवरी-फरवरी की विंडो में आयोजित किया जा रहा है। पिछले महीने हुई नीलामी में टक ने ज्यादातर खिलाड़ियों को रिटेन किया और कुछ को दोबारा खरीदा। क्रिस्टन बीम्स के जुड़ने से टीम की स्पिन बॉलिंग और मजबूत होने की उम्मीद है।

## चेस वर्ल्ड चैंपियन कार्लसन ने फिर टेबल पर हाथ पटका



### ब्लिट्ज चैंपियनशिप में भारतीय प्लेयर से हारे, गुकेश से हारने पर भी खीझे थे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दुनिया के नंबर-1 चेस प्लेयर और 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन एक बार फिर अपने रिएक्शन को लेकर चर्चा में हैं। कतर की राजधानी दोहा में चल रही वर्ल्ड रैपिड/ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दौरान भारत के अर्जुन एरिगैसी से हार के बाद कार्लसन ने गुस्से में टेबल पर जोर से हाथ मारा। इसका वीडियो वायरल हो गया। यह वीडियो फिडे और चेस कम्युनिटी से जुड़े आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी शेयर किया गया। फुटेज में कार्लसन की क्वीन हाथ से फिसलकर गिरती दिखती है, जिसके बाद वे टेबल पर हाथ मारते नजर आते हैं।

गुस्से में कैमरामैन को धक्का दिया था इससे पहले, ब्लिट्ज टूर्नामेंट में ही रूस के व्लादिस्लाव आर्टेमिएव से मुकाबला हारने के बाद बाहर जाते वक्त उन्होंने कैमरामैन को धक्का दे दिया था। इस घटना का भी वीडियो वायरल हुआ था। 27 दिसंबर को राउंड-7 में कार्लसन ने 15वीं चाल पर बड़ी गलती की, जिसका फायदा उठाकर आर्टेमिएव ने मुकाबला अपने नाम किया।



बिटकॉइन की कीमतों में

## ठहराव के बावजूद माइनिंग कंपनियों के शेयरों ने पकड़ी रफ्तार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में पिछले कुछ घंटों से एक अजीब सा सन्नाटा पसरा हुआ था, जहां दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल करेंसी बिटकॉइन लगभग 88,600 डॉलर के आसपास अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी। लेकिन इस शांत समंदर के नीचे एक जबरदस्त हलचल मच रही थी, जिसने आज प्री-मार्केट ट्रेडिंग के दौरान पूरी दुनिया के निवेशकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। आमतौर पर यह देखा जाता है कि जब बिटकॉइन की कीमतें स्थिर रहती हैं या उनमें सुस्ती आती है, तो उससे जुड़ी कंपनियां भी सुस्त पड़ जाती हैं, लेकिन इस बार कहानी बिल्कुल उलट नजर आ रही है। बिटकॉइन माइनिंग सेक्टर से जुड़ी दिग्गज कंपनियों के शेयरों ने प्री-मार्केट सत्र में ऐसी छलांग लगाई है कि बाजार के पंडित भी हैरान हैं। हर किसी के मन में यह सवाल कौंध रहा है कि जब खुद बिटकॉइन में कोई बड़ी तेजी नहीं दिख रही, तो इसे 'माइन' करने वाली कंपनियों के प्रति निवेशकों का भरोसा अचानक इतना कैसे बढ़ गया? इस रहस्यमयी तेजी के पीछे की परतों को अगर उधेड़ा जाए, तो समझ आता है कि अब खेल सिर्फ डिजिटल सिक्कों की खुदाई तक सीमित नहीं रह गया है। माइनिंग कंपनियों ने अपनी रणनीति में एक ऐसा बड़ा बदलाव किया है, जो उन्हें सीधे भविष्य की सबसे बड़ी तकनीक यानी 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' और हाई-परफॉरमेंस कंप्यूटिंग से जोड़ रहा है। बाजार में चर्चा है कि ये कंपनियां अब केवल बिटकॉइन के भरोसे नहीं हैं, बल्कि वे अपने विशाल डेटा सेंटर्स का इस्तेमाल एआई की भारी-भरकम प्रोसेसिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए करने लगी हैं। यही वजह है कि माराथन डिजिटल होल्डिंग्स जैसी बड़ी कंपनियां, जो पूरी तरह से बिटकॉइन माइनिंग पर केंद्रित थीं, अब निवेशकों के लिए नए आकर्षण का केंद्र बन गई हैं।

आपकी जेब पर क्या होगा असर? क्रेडिट स्कोर से लेकर यूपीआई तक

# 1 जनवरी 2026 से बदल जाएंगे ये 7 बड़े नियम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

1 जनवरी से क्रेडिट स्कोर, यूपीआई और पैन-आधार से जुड़े नियम बदलने जा रहे हैं। वहीं, 31 दिसंबर तक आईटीआर और स्मॉल सेविंग्स से जुड़े जरूरी काम निपटाने की आखिरी तारीख है। जानें आपकी जेब पर क्या असर पड़ेगा?

साल 2025 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। 31 दिसंबर 2025 सिर्फ कैलेंडर बदलने की तारीख नहीं है, बल्कि यह आर्थिक मोर्चे पर कई जरूरी कार्यों को निपटाने की 'डेडलाइन' भी है। वहीं, 1 जनवरी 2026 की सुबह आम आदमी के लिए कई बदलाव लेकर आ रही है। बैंकिंग, टैक्सेशन, डिजिटल पेमेंट और निवेश से जुड़े नियमों में बड़ा फेरबदल होने जा रहा है। यदि आपने समय रहते इन बदलावों पर ध्यान नहीं दिया, तो आपको पेनल्टी भरनी पड़ सकती है या आपकी वित्तीय सेवाएं बाधित हो सकती हैं। यहां हम आपको उन सभी बदलावों के बारे में विस्तार से बता रहे हैं जो 31 दिसंबर की रात और 1 जनवरी की सुबह से प्रभावी होंगे।




1. **क्रेडिट स्कोर के नियमों में बड़ा बदलाव-** कर्ज लेने वालों के लिए नए साल से सबसे बड़ा बदलाव क्रेडिट स्कोर की रिपोर्टिंग में होने जा रहा है। अब तक क्रेडिट ब्यूरो (सिबिल आदि) आम तौर पर मासिक आधार पर डेटा अपडेट करते थे। 1 जनवरी 2026 से क्रेडिट स्कोर साप्ताहिक आधार पर अपडेट किया जाएगा। अगर आप लोन की एटकया क्रेडिट कार्ड का बिल चुकाने में एक दिन की भी देरी करते हैं, तो इसका असर आपके स्कोर पर तुरंत दिखाई देगा। वहीं, समय पर भुगतान करने वाले ग्राहकों का स्कोर तेजी से सुधरेगा, जिससे उन्हें लोन मिलने में आसानी होगी।
2. **स्मॉल सेविंग्स स्कीम की ब्याज दरों में कटौती संभव-** छोटी बचत योजनाओं (पीपीएफ सुकन्या समृद्धि, एनएससी आदि) के निवेशकों के लिए 31 दिसंबर अहम तारीख है। सरकार हर तिमाही ब्याज दरों की समीक्षा करती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में 5 दिसंबर को रेपो रेट में 0.25% की कटौती कर इसे 5.25% कर दिया है। रेपो रेट घटने के बाद बॉन्ड यील्ड में गिरावट आई है। ऐसे में पूरी संभावना है कि 1 जनवरी से शुरू होने वाली तिमाही के लिए सरकार स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स की ब्याज दरों में कटौती का ऐलान कर सकती है। यदि आप निवेश की योजना बना रहे हैं, तो मौजूदा दरों को लॉक करने के लिए 31 दिसंबर से पहले फैसला लेना समझदारी हो सकती है।
3. **आईटीआर फाइलिंगः 31 दिसंबर आखिरी मौका-** वित्त वर्ष 2024-25 (अ 2025-26) के लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरने की अंतिम तारीख 31 जुलाई थी। जो करदाता चूक गए थे, उनके लिए विलंबित रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर 2025 है। अगर आप 31 दिसंबर तक रिटर्न नहीं भरते हैं, तो आप अपना टैक्स रिफंड क्लेम नहीं कर पाएंगे। 31 दिसंबर के बाद रिटर्न भरने के लिए आपको 'अपडेटेड रिटर्न' का सहारा लेना होगा, जो काफी महंगा पड़ेगा। 12 महीने के भीतर ऐसा करने पर कुल टैक्स का 25% अतिरिक्त जुमार्ना लगेगा। वहीं, 24 महीने के भीतर रिटर्न जमा करने पर कुल टैक्स का 50% अतिरिक्त जुमार्ना लगेगा। 36 से 48 महीने की देरी होने पर 60% से 70% तक अतिरिक्त टैक्स चुकाना पड़ सकता है।
4. **यूपीआई और डिजिटल पेमेंट पर सख्ती-** डिजिटल फ्रॉड और बैंकिंग धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए 1 जनवरी 2026 से डिजिटल लेन-देन के नियम सख्त हो रहे हैं। सरकार और आरबीआई के निदेर्शानुसार, यूपीआई प्लेटफॉर्म्स (गूगल पे, फोन पे और वाट्सएप) को अब ज्यादा सख्त केवाईसी प्रक्रिया का पालन करना होगा। नए नियम के तहत मोबाइल नंबर वेरिफिकेशन और अकाउंट लिंक करने की प्रक्रिया में अतिरिक्त सुरक्षा लेयर जोड़ी जा रही है ताकि फर्जी अकाउंट्स पर लगाम लगाई जा सके।
5. **पैन-आधार लिंक न होने से पैन हो सकता है निष्क्रिय-** वित्तीय नियामकों ने साफ कर दिया है कि पैन और आधार को लिंक करना अनिवार्य है। अगर आपने अभी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की है, तो 1 जनवरी 2026 से आपको बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। लिंक न होने की स्थिति में आपका पैन 'निष्क्रिय' हो सकता है। इससे टैक्स रिफंड अटकने, बैंक खाता खोलने में दिक्कत और म्यूचुअल फंड या शेयर बाजार में निवेश रुकने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।
6. **एलपीजी और ईंधन की कीमतों में बदलाव -** तेल विपणन कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को ईंधन की कीमतों की समीक्षा करती हैं। 1 जनवरी 2026 को एलपीजी (घरेलू और कमर्शियल), सीएनजी और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के नए दाम जारी किए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर इसमें बदलाव संभव है, जिसका सीधा असर रसोई के बजट और ट्रैवल पर पड़ेगा।
7. **नए इनकम टैक्स कानून की आहट-** नए साल में टैक्स व्यवस्था में एक और ऐतिहासिक बदलाव की तैयारी है। केंद्र सरकार की घोषणा के अनुसार, पुराना 'इनकम टैक्स एक्ट 1961' जल्द ही इतिहास बन जाएगा। 1 अप्रैल 2026 से देश में नया इनकम टैक्स कानून लागू होने जा रहा है। इसका उद्देश्य टैक्स प्रक्रिया को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है। अगले दो दिन (30 और 31 दिसंबर) वित्तीय नियोजन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण हैं। सलाह दी जाती है कि आईटीआर फाइलिंग और निवेश जैसे जरूरी काम 31 दिसंबर तक निपटा लें, ताकि नए साल में लगने वाले जुमार्ने और सख्त नियमों के असर से बचा जा सके।

मजबूत हुए उपभोक्ता

## आठ महीने में 45 करोड़ रुपये रिफंड




### ई-कॉमर्स से दिलाई गई सबसे बड़ी राशि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने अप्रैल से दिसंबर के बीच 45 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपभोक्ताओं को वापस दिलाई। ई-कॉमर्स क्षेत्र से सर्वाधिक 32 करोड़ रुपये का रिफंड मिला। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने लगातार ग्राहकों को मजबूत बनाने पर जोर दिया है। 25 अप्रैल से लेकर 26 दिसंबर तक 31 क्षेत्रों में 45 करोड़ रुपये की राशि ग्राहकों को वापस दिलाई गई है। हेल्पलाइन पर वापसी दावों से संबंधित 67,265 शिकायतों का पिछले 8 महीने में प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। इसमें सबसे अधिक 32 करोड़ की रकम ई-कॉमर्स क्षेत्र की है। 39,965 शिकायतें इस क्षेत्र के खिलाफ विभाग को मिलीं थीं। कुल रिफंड में 85 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने में शीर्ष पांच क्षेत्र रहे। उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा, यात्रा और पर्यटन क्षेत्र दूसरे स्थान पर रहे हैं। इनमें 4,050 शिकायतें मिलीं थीं जिनके तहत ग्राहकों को 3.5 करोड़ रुपये की रकम वापस दिलाई गई है। उपभोक्ताओं की यह शिकायतें राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर मिलीं हैं। इन शिकायतों से आयोगों पर बोझ कम होता है और विवादों का तुरंत निपटान किया जाता है। खरे के मुताबिक, ई-कॉमर्स क्षेत्र में रिफंड से संबंधित शिकायतें देश के कोने-कोने से हेल्पलाइन को प्राप्त हुईं, जो इसकी व्यापक पहुंच और सुलभता को दशार्ती हैं। शिकायतें बड़े महानगरों से लेकर दूरदराज के कस्बों और कम आबादी वाले क्षेत्रों तक फैली हुई थीं। उदाहरण के तौर पर जोधपुर के एक उपभोक्ता ने एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से खराब कुर्सियां मिलने के बाद शिकायत दर्ज कराई।

सरकारी कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए

## कोल इंडिया की सहायक कंपनियां होंगी शेयर बाजार में सूचीबद्ध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकारी कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए पीएमओ ने कोयला मंत्रालय को निर्देश दिया है कि कोल इंडिया लिमिटेड की सभी सहायक कंपनियों को 2030 तक शेयर बाजार में लाया जाए। इसका उद्देश्य बेहतर गवर्नेंस, पारदर्शिता और संपत्तियों से अधिक मूल्य हासिल करना है। कोल इंडिया देश के 80% से ज्यादा कोयला उत्पादन में अहम भूमिका निभाती है।

सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कोयला मंत्रालय को बड़ा निर्देश दिया है। सूत्रों के अनुसार, पीएमओ ने कहा है कि सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सभी सहायक कंपनियों को साल 2030 तक सूचीबद्ध किया जाए। इस कदम का मकसद कोल इंडिया के कामकाज को और बेहतर बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और कंपनी की संपत्तियों से ज्यादा मूल्य हासिल करना है। कोल इंडिया देश के कुल कोयला उत्पादन का 80 फीसदी से ज्यादा उत्पादन करती है।




**2030 तक सभी सब्सिडियरी होंगी लिस्टेड-** सूत्रों ने बताया कि पीएमओ की ओर से साफ निर्देश है कि कोल इंडिया की सभी इकाइयों को 2030 तक शेयर बाजार में लाया जाए। इससे कंपनी की गवर्नेंस बेहतर होगी और निवेशकों का भरोसा भी बढ़ेगा। बता दें कि कोल इंडिया की कुल आठ सहायक कंपनियां हैं, जिनमें ईस्टर्न कोलफील्ड्स, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), सेंट्रल कोलफील्ड्स, वेस्टर्न कोलफील्ड्स, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स (एसईसीएल), नॉर्दर्न कोलफील्ड्स, महानदी कोलफील्ड्स और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएमपीडीआई) शामिल है।

**2026 तक दो कंपनियों की लिस्टिंग तय-** इतना ही नहीं मामले में खबर है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) और सीएमपीडीआई को मार्च 2026 तक शेयर बाजार में लिस्ट किया जाएगा। इसकी सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बीसीसीएल के लिए देश और विदेश में रोड शो भी पूरे कर लिए गए हैं और इसकी लिस्टिंग प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

### एसईसीएल और महानदी कोलफील्ड्स को भी मंजूरी

हाल ही में कोल इंडिया ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसके बोर्ड ने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स और महानदी कोलफील्ड्स को लिस्ट करने की मंजूरी दे दी है। कोयला मंत्रालय ने भी अगले वित्त वर्ष में इन दोनों कंपनियों को लिस्ट कराने के निर्देश दिए हैं।

### सेबी के पास दाखिल हो चुके हैं ड्राफ्ट दस्तावेज

गौरतलब है कि इस क्रम में बीसीसीएल और सीएमपीडीआई दोनों ने अपने आईपीओ के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। यह आईपीओ ह्यऑफर फॉर सेलह्व के जरिए आएगा, जिसमें कोल इंडिया अपनी हिस्सेदारी बेचेगी। हालांकि, अंतिम मंजूरी बाजार की स्थिति और जरूरी अनुमतियों पर निर्भर करेगी। कोल इंडिया ने मौजूदा वित्त वर्ष में 875 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

तीन साल की उठापटक के बाद

## अब संतुलन की ओर बढ़ रहा डेयरी सेक्टर, जानिए रिपोर्ट में क्या दावा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

कोविड के बाद भारतीय डेयरी सेक्टर को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। दूध के दाम गिरने से किसानों का उत्पादन घटा। 2023 के बाद हालात सुधरे और 2024-25 में दूध उत्पादन तेजी से बढ़ा, लेकिन यह बढ़त ज्यादा समय नहीं टिक सकी। आइए विस्तार से जानते हैं।

भारत का डेयरी सेक्टर पिछले तीन वर्षों के उतार-चढ़ाव के बाद अब सीमित सप्लाई और मार्जिन के पुनर्संतुलन (रीकैलिब्रेशन) के चरण में प्रवेश कर रहा है। यह आकलन सिस्टमैटिक्स इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज द्वारा आयोजित एक एक्सपर्ट सेशन में सामने आया।

**कोविड का दौर डेयरी के लिए चुनौतीपूर्ण रहा-** रिपोर्ट के मुताबिक, कोविड के बाद 2022-23 का दौर डेयरी उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण रहा। इस दौरान दूध की कीमतों में इतनी तेज गिरावट आई कि वह किसानों की उत्पादन लागत भी नहीं निकाल पा रही थीं। नतीजतन, पशु संख्या में बढ़ोतरी रुकी और दूध उत्पादन में तेज गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, 2023 के मध्य से हालात बदलने लगे। प्रमुख सहकारी समितियों और निजी कंपनियों ने किसानों के साथ दोबारा जुड़ाव बढ़ाया, टिकाऊ चारा कार्यक्रम शुरू किए और भरोसा बहाल किया। इसका असर अक्तूबर 2024 से मार्च 2025 के फ्लश सीजन में दिखा, जब दूध उत्पादन में करीब 25 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी हुई और अस्थायी सरप्लस बना। इस अतिरिक्त सप्लाई को खपाने के लिए डेयरी कंपनियों ने वैल्यू-ऐडेड प्रोडक्ट्स पर जोर बढ़ाया, कोल्ड-चेन को मजबूत किया और विज्ञापन व प्रमोशन तेज किए। बड़े खिलाड़ियों ने बैकएंड निवेश और लास्ट-माइल डिलीवरी पर भी फोकस किया। हालांकि यह सरप्लस ज्यादा समय तक नहीं टिक सका। 2025 में समय से पहले और बेमौसम बारिश ने गर्मियों के सामान्य मांग-आपूर्ति चक्र को बिगाड़ दिया। इसके अलावा भू-राजनीतिक घटनाओं, खासकर भारत-पाकिस्तान तनाव, का असर पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर जैसे प्रमुख दूध उत्पादक इलाकों पर पड़ा।

## चमोली में सुरंग में टकराईं दो लोको ट्रेनें, 59 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चमोली जिले के पीपलकोटी स्थित THDC जल विद्युत परियोजना क्षेत्र में बनी सुरंग के अंदर मंगलवार रात करीब 10 बजे दो लोको ट्रेनें आपस में टकरा गईं, जिसमें 59 मजदूर घायल हो गए हैं। जिनमें से 5 की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि ट्रेनें करीब 108 मजदूरों को कार्यस्थल तक ले जा रही थीं, तभी किसी तकनीकी समस्या के कारण दोनों आपस में टकरा गईं। घायलों में उड़ीसा, बिहार और झारखंड के मजदूर शामिल हैं।

घटना की सूचना मिलते ही परियोजना प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा। 17 लोगों को पीपलकोटी में स्थित विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है और 42 लोग गोपेश्वर जिला अस्पताल में भर्ती हैं। मौके पर पहुंचे डीएम सौरभ कुमार के अनुसार हादसा शिफ्ट चेंज के दौरान हुआ है, गंभीर रूप से घायल हुए लोगों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर आया है।

### टक्कर से ट्रेन के अंदर ही गिरे मजदूर

हादसा परियोजना क्षेत्र के टीवीएम साइड पर हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि कई मजदूर ट्रेन के भीतर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि ज्यादातर मजदूरों को हल्की चोटें लगी हैं। घटना के बाद सुरंग के अंदर ही अफरातफरी का माहौल बन गया और परियोजना प्रबंधन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा। सभी घायलों को अस्पताल में पहुंचा दिया गया है।

### 2013 में काम हुआ था शुरू

विष्णुगाड़-पीपलकोटी हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित है। यह परियोजना अलकनंदा नदी पर बनाई जा रही है, जो गंगा नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है। विष्णुगाड़-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना का निर्माण करीब 2013-2014 से शुरू हुआ, जब सिविल कार्यों और भूमि अधिग्रहण के साथ परियोजना का ठेका एढउ कंपनियों को दिया गया। इसके बाद धीरे-धीरे बांध, टनल और पावर हाउस जैसे बड़े ढांचे का निर्माण शुरू हुआ।

### 444 मेगावाट है परियोजना की क्षमता

परियोजना का मुख्य उद्देश्य बिजली उत्पादन करना है। इसके लिए नदी में 65 मीटर ऊंचा डायवर्जन बांध बनाया गया है, जिससे पानी को नियंत्रित तरीके से टर्बाइन तक ले जाया जाएगा। जलाशय की कुल क्षमता 3.63 मिलियन घन मीटर है, जिसमें से लगभग 2.47 मिलियन घन मीटर सक्रिय रूप से बिजली उत्पादन के लिए इस्तेमाल होगा। परियोजना में पानी को पावर हाउस तक पहुंचाने के लिए टनल और पाइपलाइन सिस्टम बनाया गया है। इसमें 3 इंटेक टनल, 3 डी-सिल्टिंग चैंबर, हेड रेस टनल, सर्च शाफ्ट और 2 प्रेशर शाफ्ट शामिल हैं। पावर हाउस में दो भूमिगत हॉल हैं झ्र मशीन हॉल और ट्रांसफॉर्मर हॉल, जहां टर्बाइन और ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। परियोजना की कुल क्षमता 444 मेगावाट है। इससे सालाना लगभग 1657 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन होगा। इस बिजली का 13% उत्तराखंड राज्य को निशुल्क दी जाएगी और 1% स्थानीय क्षेत्र के विकास में उपयोग होगा।

### कई तकनीकी काम हुए पूरे

साल 2025 में परियोजना में कई तकनीकी काम पूरे हुए। 16 जनवरी 2025 को यूनिट-2 में डीटी लाइनर (पानी की नलिकाओं को मजबूत करने वाली लाइनिंग) का निर्माण पूरा किया गया। इसके बाद 22 फरवरी 2025 को ईओटी क्रेन का यूनिट-1 तक विस्तार किया गया।

# इंडिगो पर 458 करोड़ रुपए से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना लगाया गया

## एयरलाइन बोली- आदेश को चुनौती देंगे;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर दिल्ली साउथ कमिश्नरेट के CGST के अतिरिक्त आयुक्त ने 458 करोड़ से ज्यादा का जुमार्ना लगाया है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि यह जुमार्ना केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (CGST) अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की असेसमेंट से जुड़ा है।

एयरलाइन के मुताबिक, कुल GST मांग 458,26,16,980 है। कंपनी ने बताया कि GST विभाग ने विदेशी सप्लायर से मिली क्षतिपूर्ति (कंपनसेशन) पर टैक्स मांग, ब्याज और जुमार्ना लगाया है, साथ ही इनपुट टैक्स क्रेडिट को भी खारिज किया गया है। कंपनी ने बाहरी टैक्स सलाहकारों की राय के आधार पर इस जुमार्ने को गलत बताया। इंडिगो का कहना है कि यह आदेश कानून के खिलाफ है और वह इसे कोर्ट में चुनौती देगी। कंपनी के मुताबिक, इस आदेश का उसके वित्तीय नतीजों, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा। यह पहली बार नहीं है जब इंडिगो पर




GST से जुड़ा टैक्स विवाद सामने आया है। इससे पहले 30 मार्च को इनकम टैक्स ने कंपनी को 944.20 करोड़ का पेनाल्टी ऑर्डर भेजा था। कंपनी ने बताया कि 2021-22 असेसमेंट ईयर के लिए इनकम टैक्स एक्ट 270अ के तहत ये पेनाल्टी लगाई गई थी।

एयरलाइन ने इस आदेश को 'गलत और निराधार' बताया। इंडिगो के मुताबिक, यह पेनल्टी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की असेसमेंट यूनिट ने लगाई थी। वहीं, अतिरिक्त 2.84 करोड़ का जुमार्ना चेन्नई के संयुक्त आयुक्त ने लगाया था। यह विवाद 2018 से 2020 तक के फाइनेंशियल रिकॉर्ड में विसंगतियों के चलते इनपुट टैक्स क्रेडिट नामंजूर किए जाने से जुड़ा है। 6 जनवरी को एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स के प्रधान आयुक्त ने इंडिगो पर एयरक्राफ्ट पार्ट्स के आयात पर शुल्क छूट अस्वीकृत करते हुए 2.17 करोड़ का जुमार्ना लगाया था।

## क्रू की कमी के कारण इंडिगो की हजारों फ्लाइट्स कैंसिल हुईं

इस साल नवंबर और दिसंबर की शुरूआत में इंडिगो को बड़े स्तर पर ऑपरेशन्स से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। दरअसल, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने पायलटों के आराम के लिए नए 'फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट' नियम लागू किए थे।

एयरलाइन इन नियमों के मुताबिक अपने क्रू और रोस्टर को सही समय पर मैनेज नहीं कर पाई। इसका नतीजा यह हुआ कि नवंबर के आखिर और दिसंबर के पहले हफ्ते में इंडिगो की करीब 5,000 फ्लाइट्स कैंसिल हुईं या देरी से उड़ीं। हजारों यात्रियों के फंसने और भारी हंगामे के बाद ऊ्रूउअ ने इंडिगो के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। रेगुलेटर ने इंडिगो को अपने विंटर शेड्यूल में 10% की कटौती करने का निर्देश दिया, ताकि ऑपरेशन्स को फिर से पटरी पर लाया जा सके।

# भारतीय नौसेना को पनडुब्बी मारने वाला आधुनिक हथियार मिलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय सेना और नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए 4,666 करोड़ रुपए के रक्षा समझौते किए। इनके तहत सेना को 4.25 लाख से ज्यादा नई बैटल कार्बाइन राइफल मिलेंगी। इसके साथ ही नौसेना के लिए पनडुब्बी मारने वाले 48 आधुनिक हैवीवेट टॉरपीडो भी खरीदे जाएंगे।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 2,770 करोड़ रुपए के क्लोज क्वार्टर बैटल कार्बाइन राइफल और उनसे जुड़े उपकरण खरीदे जाएंगे। इसके लिए भारत फोर्ज लिमिटेड और पीएलआर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया गया है। इसके अलावा 1,896 करोड़ रुपए के दूसरे समझौते में नौसेना की कलवरी क्लास पनडुब्बियों के लिए 48 हैवीवेट टॉरपीडो खरीदे जाएंगे। इसके लिए इटली की कंपनी हअरर सबमरीन सिस्टम्स रफ्छ से डील हुई है। इन टॉरपीडो की डिलीवरी अप्रैल 2028 से शुरू होकर 2030 की शुरूआत तक पूरी होगी। मंत्रालय ने कहा कि यह




फैसला आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लिया गया है, ताकि स्वदेशी और आधुनिक तकनीक से सैनिकों की ताकत को बढ़ाए जा सके। ये लगातार दूसरे दिन रक्षा सौदा किया गया है। इससे पहले सोमवार को 79,000 करोड़ रुपए के रक्षा सौदे को मंजूरी मिली थी। रक्षा मंत्रालय ने 1 दिन पहले सोमवार को करीब 79,000 करोड़ रुपए के एडवांस हथियार और सैन्य उपकरण खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में ये फैसला लिया गया था।

## प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा की सगाई: फोटोग्राफी का शौक रखती हैं गर्लफ्रेंड अवीवा बेग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की गर्लफ्रेंड अवीवा बेग से सगाई हो गई है। न्यूज एजेंसी ढळक ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। सगाई के बाद कपल फेमिली के साथ राजस्थान के रणथंभौर पहुंचा है।

रेहान और अवीवा 7 साल से रिलेशनशिप में हैं। दोनों को ही फोटोग्राफी का शौक है। सगाई में वाड्रा, गांधी और बेग परिवार के करीबी लोग ही मौजूद थे। हालांकि अभी तक गांधी या वाड्रा परिवार से किसी ने भी सगाई की खबरों की पुष्टि नहीं की है। रेहान की मंगेतर अवीवा, दिल्ली के बिजनेसमैन इमरान बेग और इंटीरियर डिजाइनर नंदिता बेग की बेटी हैं। अवीवा की मां नंदिता ने ही कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन का इंटीरियर डिजाइन किया था। अवीवा ने मीडिया और कम्युनिकेशन क्षेत्र में काम किया है। उन्होंने कंटेंट प्लेटफॉर्म ढफ्ड-ढअऋअठऊअ में जूनियर प्रोजेक्ट मैनेजर के तौर पर काम किया है और डिजिटल कंटेंट प्लेटफॉर्म Art Chain India में मार्केटिंग इंटर्न भी रही हैं। अवीवा I-Parliament में प्रकाशित The Journal की एडिटर-इन-चीफ भी रह चुकी हैं। इसके साथ ही उन्होंने Verve Magazine India और Creative IMAGE Magazine में इंटर्नशिप भी की है।

## कोल्ड-वेव का यलो अलर्ट, 5 को फिर बदलेगा मौसम

# हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों पर स्नोफॉल शुरू: अगले 72 घंटे बारिश-बर्फबारी जारी रहेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले की अधिक ऊंची चोटियों पर मंगलवार की शाम से बर्फबारी शुरू हो गई है। जिले के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फ के फाहे देख किसानों-बागवानों के साथ साथ पर्यटकों के चेहरे खिल भी उठे है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज और कल अच्छी बर्फबारी का पूवार्नुमान लगाया है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल स्पीति की अधिक ऊंची चोटियों पर अगले 72 घंटे तक बर्फबारी का पूवार्नुमान है। इसी तरह शिमला, सोलन और सिरमौर समेत प्रदेश के अन्य भागों में हल्की बारिश हो सकती है।अधिक ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद तापमान में कमी आएगी। अगले दो से तीन दिनों के दौरान लाहौल स्पीति के कई भागों में तापमान में माइनस 10 डिग्री तक गिर सकता है। प्रदेश में दो जनवरी तक मौसम खराब बना रहेगा।



### इन जिलों में कोल्ड वेव का अलर्ट

मौसम विभाग ने तीन दिन तक कोल्ड वेव चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। आज यह चेतावनी कुल्लू, मंडी और शिमला जिला में दी गई है, जबकि कल के लिए ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू जिला को भी दी गई है। सोलन और सिरमौर में कल आंधी-तूफान का पूवार्नुमान है।

### 5 जनवरी को फिर से बर्फबारी के आसार

इस दौरान अधिकांश भागों में हल्की बारिश व बर्फबारी होगी। तीन और चार जनवरी को मौसम साफ हो जाएगा। पांच जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस फिर से एक्टिव होने के आसार है। इससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में दोबारा से हल्का हिमपात हो सकता है।

# बांग्लादेश में 12 दिन में तीसरे हिंदू की हत्या: कपड़ा फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी पर था, साथी स्टाफ ने गोली मारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक कपड़ा फैक्ट्री के अंदर हिंदू कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बीते 12 दिनों में बांग्लादेश में हिंदू की हत्या की यह तीसरी घटना है।

घटना सोमवार शाम करीब 6:45 बजे भालुका उपजिला की सुलताना स्वेटर्स लिमिटेड फैक्ट्री में हुई। मृतक की पहचान बजेंद्र बिस्वास (42) के रूप में हुई है, जो फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड था। आरोपी नोमान मिया (29) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों फैक्ट्री में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। बातचीत के दौरान नोमान मिया ने बजेंद्र पर सरकारी शॉटगन तान दी। कुछ ही देर में बंदूक चल गई और गोली बजेंद्र की बायीं जांघ में लगी, जिससे उसकी मौत हो गई।

**दीपू दास की ईशनिंदा के झूठे आरोप में हत्या-** इस मामले की जांच में यह सामने आया कि जिस दावे के आधार पर भीड़ ने हमला किया था, उसके कोई सबूत नहीं मिले।

### बांग्लादेश में 2 हफ्तों में 3 हिंदू मारे गए

24 दिसंबर बुधवार रात 11:00 बजे एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। घटना राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई। पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। पुलिस ने बताया कि अमृत के खिलाफ पांगशा पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है। इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। बाद में उसे पेड़ पर लटकाकर जला दिया था।

दरअसल, सोशल मीडिया पर यह आरोप लगाया जा रहा था कि दीपू चंद्र दास ने फेसबुक पर ऐसी टिप्पणी की थी, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं, लेकिन जांच एजेंसियों का कहना है कि अब तक ऐसी किसी भी पोस्ट या टिप्पणी के प्रमाण नहीं मिले हैं। बांग्लादेश की रैपिड एक्शन बटालियन (फ्अइ) के कंपनी कमांडर मोहम्मद शम्सुज्जमान ने बांग्लादेशी अखबार ह्यद डेली स्टारह्म को बताया कि जांच में यह साबित करने वाला कोई साक्ष्य नहीं मिला है कि दीपू दास ने फेसबुक पर कोई आपत्तिजनक या धार्मिक भावनाएं भड़काने वाला कंटेंट डाला था।

दीपू चंद्र की हत्या जिस वक्त हुई, उस दौरान बांग्लादेश में हिंसा भड़की हुई थी। इंकलाब मंच के लीडर 32 साल के शरीफ उस्मान बिन हादी की मौत के बाद से राजधानी ढाका समेत 4 शहरों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई हैं। उस्मान हादी अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के विरोध में हुए छात्र आंदोलन के लीडर थे।




## पेरू में दो पर्यटक ट्रेनों की टक्कर, 1 की मौत; 30 घायल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पेरू

पेरू के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल माचू पिचू की ओर जा रही दो पर्यटक ट्रेनों की मंगलवार को टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि करीब 30 यात्री घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, मृतक रेलवे का एक कर्मचारी था।

हादसे के बाद माचू पिचू और नजदीकी शहर कुज्को को जोड़ने वाली रेल सेवा अस्थायी रूप से रोक दी गई है। रेलवे संचालन करने वाली कंपनी के अनुसार, दोपहर के समय माचू पिचू से आ रही एक ट्रेन की टक्कर वहां जा रही दूसरी ट्रेन से हुई। हादसा कोरीवायराचिना इलाके के पास हुआ।

टक्कर के कारणों की जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। स्थानीय मीडिया में सामने आए तस्वीरों और वीडियो में दोनों ट्रेनें जंगल और बड़ी चट्टानों के बीच बनी रेल लाइन पर फंसी नजर आईं। ट्रेनों के ईंजन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ईंजन की खिड़कियां टूटी और क्षतिग्रस्त दिखीं। माचू पिचू में हर साल करीब 15 लाख पर्यटक आते हैं। ज्यादातर लोग ट्रेन से आगुआस कालेन्टेस शहर पहुंचते हैं। यह 15वीं सदी में इंका सभ्यता द्वारा बनाया गया स्थल अपने सटीक पत्थर निर्माण के लिए जाना जाता है। पिछले एक दशक में माचू पिचू आने वाले पर्यटकों की संख्या में करीब 25% की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, राजनीतिक अस्थिरता और स्थल प्रबंधन को लेकर विवादों के चलते पर्यटन प्रभावित भी हुआ है। कई बार प्रदर्शनकारियों ने माचू पिचू जाने वाली रेल लाइन को भी रोका है।

## सऊदी अरब का यमन के मुकल्ला पोर्ट पर हवाई हमला

### कहा- यूएई से हथियारों की खेप आ रही थी; यमन ने 90 दिन की इमरजेंसी लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यमन

खाड़ी के दो ताकतवर देशों सऊदी अरब और वअए के बीच तनाव बढ़ गया है। सऊदी अरब ने मंगलवार सुबह यमन में मुकाला पोर्ट पर बमबारी की है। सऊदी अरब का दावा है कि वअए के फुजैरा पोर्ट से आए दो जहाजों से यहां हथियार और सैन्य वाहन उतारे जा रहे थे। इन जहाजों के ट्रैकिंग सिस्टम बंद थे। सऊदी अरब का कहना है कि ये हथियार सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (रळ्उ) नाम के अलगाववादी गुट को दिए जा रहे थे, जो कि शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन सकते थे। इसलिए वायुसेना ने सीमित हवाई हमला कर हथियारों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया। हमला रात में किया गया ताकि आम लोगों को नुकसान न पहुंचे।

UAE ने जहाजों में हथियार होने के दावे से इनकार किया है। साथ ही सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। सऊदी अरब और वअए पिछले 10 साल से यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ रहे हैं लेकिन वे वहां अलग-अलग गुटों का समर्थन करते हैं।



### UAE ने आरोपों को हैरान करने वाला बताया

UAE ने कहा कि सऊदी केआरोप हैरान करने वाले हैं। जिन सैन्य वाहनों की बात की जा रही है, वे यमन में तैनात अमीराती सेना के लिए थे। इन्हें सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन से बातचीत के बाद भेजा गया था। वअए ने इन वाहनों को लेकर किए गए हवाई हमलों पर भी आश्चर्य जताया। मुकल्ला पर हुए हवाई हमले के बाद यमन सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात (वअए) के साथ किया गया रक्षा समझौता रद्द कर दिया है। यमन की प्रेसिडेंशियल लीडरशिप काउंसिल के प्रमुख रशाद अल-अलीमी ने घोषणा की कि देश में मौजूद वअए की सेनाओं को 24 घंटे के भीतर यमन छोड़ना होगा। इसके साथ ही सरकार ने हालात पर नियंत्रण के लिए 72 घंटे की हवाई, थल और समुद्री नाकाबंदी लागू करने और 90 दिनों के लिए आपातकाल घोषित करने का फैसला किया है। हालांकि अल-अलीमी ने अलगाववादी गुटों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सऊदी अरब के समर्थन की सराहना की और कहा कि यह कदम यमन की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता के हित में है। सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल एक सशस्त्र अलगाववादी संगठन है, जिसे वअए का समर्थन प्राप्त है। रळ्उ का मकसद यमन को उत्तर और दक्षिण दो अलग देशों में बांटना है। इसके बाद वह दक्षिणी यमन में अलग सरकार बनाना चाहता है। यमन 1990 से पहले दो हिस्सों उत्तरी और दक्षिणी यमन में बंटा हुआ था। दोनों के एकीकरण के बाद भी दक्षिण में अलगाव की भावना बरकरार है। पिछले एक महीने में रळ्उ ने यमन में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाए थे। रळ्उ की फौजों ने हद्रामौत और अल-मह्रा जैसे तेल और गैस-समृद्ध इलाकों पर कब्जा कर लिया। इस वजह से यमन सरकार की सुरक्षा बलों और स्थानीय कबीलों को पीछे हटना पड़ा।

## ईरान में महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग

### तीन साल में सबसे बड़ा प्रदर्शन, सेंट्रल बैंक के प्रमुख ने दिया इस्तीफा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

ईरान में बढ़ती महंगाई और मुद्रा संकट के खिलाफ सोमवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। यह पिछले तीन साल में सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया जा रहा है। इस बीच सेंट्रल बैंक के प्रमुख मोहम्मद रजा फरजिन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

राजधानी तेहरान के सादी स्ट्रीट और ग्रैंड बाजार इलाके में व्यापारियों और दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। कई जगहों पर दुकानें बंद रहीं, जिससे कारोबार ठप हो गया। चश्मदीदों के मुताबिक, इस्फहान, शिराज और मशहद जैसे बड़े शहरों में भी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शन उस वक्त तेज हुए जब ईरान की मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। इससे खाने-पीने की चीजों और रोजमर्रा के सामान की कीमतें और बढ़ गईं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में महंगाई दर 42 फीसदी से ज्यादा रही, जबकि खाने की चीजों की कीमतें 70 फीसदी से अधिक बढ़ चुकी हैं। ये प्रदर्शन 2022 के बाद सबसे बड़े माने जा रहे हैं। उस समय 22 साल की महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद पूरे देश में आंदोलन भड़क गया था। उन्हें हिजाब ठीक से न पहनने के आरोप में मोरैलिटी पुलिस ने पकड़ा था। सोमवार को तेहरान के कुछ इलाकों में हालात काबू से बाहर होने पर पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को हटाया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | | | | | | | | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | − | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | − | 15 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| − | | − | | − | | − | | − |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | − | 59 / 16 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | यु | क | वि |
| दी | बी | सू | ह | क्ष | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ना | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| ठा | ज | न | प | व | म | है | डी. | म्म | सी | वें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त्त | र | ट | क | वें | न | गां | ध |
| या | र | म | न | लां | या | इ | र | म्हे | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ




कैलेंडर 2026
जनवरी
र सो मं बु गु शु श
1 2 3
4 5 6 7 8 9 10
11 12 13 14 15 16 17
18 19 20 21 22 23 24
25 26 27 28 29 30 31
फरवरी
र सो मं बु गु शु श
1 2 3 4 5 6 7
8 9 10 11 12 13 14
15 16 17 18 19 20 21
22 23 24 25 26 27 28
मार्च
र सो मं बु गु शु श
1 2 3 4 5 6 7
8 9 10 11 12 13 14
15 16 17 18 19 20 21
22 23 24 25 26 27 28
29 30 31
अप्रैल
र सो मं बु गु शु श
1 2 3 4
5 6 7 8 9 10 11
12 13 14 15 16 17 18
19 20 21 22 23 24 25
26 27 28 29 30
मई
र सो मं बु गु शु श
1 2
3 4 5 6 7 8 9
10 11 12 13 14 15 16
17 18 19 20 21 22 23
24 25 26 27 28 29 30
31
जून
र सो मं बु गु शु श
1 2
4 5 6 7 8 9
11 12 13 14 15 16
18 19 20 21 22 23
25 26 27 28 29 30
जुलाई
र सो मं बु गु शु श
1 2 3 4 5 6 7
8 9 10 11 12 13 14
15 16 17 18 19 20 21
22 23 24 25 26 27 28
29 30 31
अगस्त
र सो मं बु गु शु श
1 2 3 4 5
6 7 8 9 10 11 12
13 14 15 16 17 18 19
20 21 22 23 24 25 26
27 28 29 30 31
सितंबर
र सो मं बु गु शु श
1 2 3 4 5
6 7 8 9 10 11 12
13 14 15 16 17 18 19
20 21 22 23 24 25 26
27 28 29 30
अक्टूबर
र सो मं बु गु शु श
1 2 3
5 6 7 8 9 10
12 13 14 15 16 17
19 20 21 22 23 24
26 27 28 29 30 31
नवंबर
र सो मं बु गु शु श
1
3 4 5 6 7 8
10 11 12 13 14 15
17 18 19 20 21 22
24 25 26 27 28 30
दिसंबर
र सो मं बु गु शु श
1 2 3 4 5 6
7 8 9 10 11 12 13
14 15 16 17 18 19 20
21 22 23 24 25 26 27
28 29 30 31

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 31 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

अति रूपेण वै सीता चातिगर्वेण रावणः।
अतिदानाद् बलिर्बद्धो ह्यति सर्वत्र वर्जयेत्॥

**भावार्थ :** अधिक सुन्दरता के कारण ही सीता का हरण हुआ था, अति घमंडी हो जाने पर रावण मारा गया तथा अत्यन्त दानी होने से राजा बलि को छला गया। इसलिए अति सभी जगह वर्जित है।

उद्योगे नास्ति दारिद्र्यं जपतो नास्ति पातकम्।
मौनेन कलहो नास्ति जागृतस्य च न भयम्॥

**भावार्थ :** उद्यम से दरिद्रता तथा जप से पाप दूर होता है।
मौन रहने से कलह और जागते रहने से भय नहीं होता।

## भोपाल-छपरा एक्सप्रेस् सप्ताहे एकवारं प्रचलति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपालरेलविभागस्य डीसीएम नवल अग्रवाल इत्यनेन उक्तं यत् एतेषां रेलयानानां परिचालनतिथिः भाडा च शीघ्रमेव अन्तिमरूपेण निर्धारितः भविष्यति। एतासां रेलयानानां प्रवर्तनेन भोपालतः समीपस्थजिल्हेषु च यात्रिकाणां दीर्घदूरयात्रायां महती सुविधा भविष्यति। भोपाल-छपरा एक्स्प्रेस् क्रमाङ्कः ११६३३ भोपालतः रविवासरे रात्रौ ८:५५ वादने प्रस्थाय परदिने प्रातः ७ वादने चोपनन्गरम् आगमिष्यति। ११६३४ क्रमाङ्कः चोपन-भोपाल एक्स्प्रेस् इति रेलयानं सोमवासरे सायं ७ वादने चोपनतः प्रस्थाय परदिने प्रातः ८:३५ वादने भोपालं आगमिष्यति। इयं रेलयानं २४ कोचैः सह अपि प्रचलति, विदिशा, गंजबासोदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, खन्ना बंजरी, ब्योहारी, मारवास ग्राम, सराय ग्राम, बर्गावन, सिंगरौली, करैला रोड्, मिचार्धुरी, ओबरा डैम इत्यत्र स्थगयिष्यति।

## सम्पादकीयम्

### बस्तरं प्रति शान्तिः

२०२६ तमस्य वर्षस्य मार्चमासपर्यन्तं भारतं पूर्णतया नक्सलमुक्तं भविष्यति इति मुख्यमन्त्री विश्वासः केवलं आकांक्षा एव न, अपितु ठोसरणनीत्याः, निरन्तर-अभियानस्य च परिणामः इति दृश्यते. बस्तार-नगरं प्रति शान्ति-पुनरागमनं न केवलं स्थानीय-निवासिनः कृते राहतं भवति अपितु सम्पूर्ण-देशस्य कृते संकेतम् अपि अस्ति यत् दीर्घकालीन-सङ्घर्षं अपि लोकतन्त्रं शासनं च सुदृढं वर्तते. हिदमायाः आतङ्कस्य अद्यतनसमाप्तेः सङ्गमेन बस्तरं प्रति शान्तिवसन्तः पुनः आगच्छति। नक्सलवादं उन्मूलनं कर्तुं संकल्पः। महत्त्वपूर्णं यत् केन्द्रीयगृहमन्त्री अमितशाहः २०२५ तमस्य वर्षस्य अप्रैल-मासस्य ५ दिनाङ्के दन्तेवाडानगरे आयोजिते भव्ये ₹बस्तरपण्डुम₹-समारोहे भागं गृहीत्वा प्रेरणादायकं परिवर्तनकारीं च सन्देशं प्रदत्तवान् ₹बस्तरस्य पूर्वमहाराजं प्रवीरचन्द्रभञ्जदेवं श्रद्धांजलिम् अर्पयन् सः तं ₹जलस्य, वनस्य, भूमिस्य, संस्कृतिस्य च₹ कृते शहीदः इति वर्णितवान् गृहमन्त्री २०२६ तमस्य वर्षस्य मार्चमासस्य ३१ दिनाङ्कपर्यन्तं नक्सलवादस्य उन्मूलनस्य केन्द्रसर्वकारस्य संकल्पं अपि पुनः अवदत्। विकासे प्राथमिकता। बस्ता इदानीं द्रुतगत्या विकासस्य नूतनायां दिशि गच्छति । नवीन औद्योगिकनीति 2024-30 इत्यस्य अन्तर्गतं स्थानीयसंसाधनानाम् आधारेण उद्योगाः प्रोत्साहिताः भविष्यन्ति, तथा च कौशलप्रशिक्षणं विपण्यस्य औद्योगिकमागधानुसारं च बलं दत्तं भविष्यति। विशेषतः स्वरोजगारस्य कौशलविकासयोजनासु नक्सलप्रभावितपरिवाराणाम्, समर्पितानां नक्सलीनां, महिलानां च

### सांस्कृतिकराजधानी राज्यस्य प्रथमः अभेद्यः विद्युद्द्वीपः भवति

# संकटकाले अपि विद्युत्-विच्छेदः अवशिष्टः अस्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेशस्य न्यायिकराजधानी सांस्कृतिकराजधानी च अधुना विद्युत्विच्छेदस्य कस्यापि सम्भाव्यधमकीयाः पूर्णतया मुक्तः अस्ति। यदा सम्पूर्णः देशः राज्यं वा प्रमुखजालविफलतायाः कारणेन अन्धकारे पतति तदा अपि जबलपुरस्य वीथीः प्रकाशिताः एव भविष्यन्ति, अस्पतालस्य वेण्टिलेट निर्बाधरूपेण कार्यं करिष्यन्ति, राष्ट्रस्य रक्षणार्थं नियोजिताः आयुधकारखानानि च पूर्णक्षमतया कार्यं कुर्वन्ति एव। एषः चमत्कारः विद्युद्द्वीपकरण परियोजनायाः सफलकार्यन्वयनेन सम्भवः अभवत्, येन जबलपुरं सम्पूर्णे मध्यप्रदेशराज्ये अद्वितीयं सुरक्षितं च ऊर्जाद्वीपं परिणतम् अस्ति। एषा द्वीपव्यवस्था का अस्ति, एषा नगरस्य कृते विद्युत्सुरक्षां कथं प्रदास्यति इति जनसमूहस्य प्रश्नः स्वाभाविकं यत् विश्वस्य शेषभागात् पृथक् भवति। वस्तुतः वर्तमानव्यवस्थायाः अन्तर्गतं जबलपुरस्य विद्युत् आपूर्तिः राज्यस्य राष्ट्रियजालस्य च सह सम्बद्धा आसीत्, यस्य अर्थः आसीत् यत् दूरस्थे विद्युत्स्थानके यत्किमपि प्रमुखं तकनीकीविफलता अथवा जालयात्रायाः प्रत्यक्षं प्रभावः जबलपुरे भविष्यति, येन सम्पूर्णे नगरे अंधकारः भवति परन्तु अधुना एतया नूतनया प्रौद्योगिक्या जबलपुरेण ऊर्जासुरक्षायाः कृते लक्ष्मणरेखा (सीमारेखा) आकृष्टा, येन कस्यापि तकनीकीदोषस्य पारगमनं असम्भवं जातम्।

अस्याः प्रणाल्याः महत्तमः लाभः अस्ति यत् संकटकाले विद्युत्संस्थानस्य नगरस्य च मध्ये रक्षात्मककवचरूपेण कार्यं करोति। राष्ट्रीयजालस्य यथा शीघ्रं किमपि अस्थिरता अथवा आवृत्ति-उतार-चढावः ज्ञायते तथा एव जबलपुरस्य प्रणाली मुख्यजालात् क्षणमात्रेण पृथक् भविष्यति। एषा प्रक्रिया 'द्वीपीकरण' इति कथ्यते। एकदा पृथक्कृत्य नगरस्य स्वकीयानि जनन-एककाः स्थानीय-उपकेन्द्राणि च आन्तरिकजालं निर्मास्यन्ति, येन विद्युत्-आपूर्ति-व्यवधानं न भविष्यति। जबलपुरे कदापि विद्युत्विच्छेदः भविष्यति वा इति विषये जनसमूहः सर्वाधिकं जिज्ञासुः अस्ति। उत्तरं बहुशः सकारात्मकं भवति, यतः एषा प्रणाली विशेषतया तादृशानां परिस्थितीनां कृते निर्मिताः अस्ति यत्र बृहत्-प्रमाणेन विद्युत्-विच्छेदस्य जोखिमः भवति। विशेषतः इत्यादीनां रक्षा-एककानां कृते एतत् वरदानम् अस्ति, यत्र राष्ट्रियसुरक्षासम्बद्धानि महत्त्वपूर्णानि उपकरणानि निर्मीयन्ते, तथा च एकस्य सेकण्डस्य विद्युत्-विच्छेदः अपि महत्त्वपूर्णं क्षतिं जनयितुं शक्नोति।

### अपहृतस्य साहूकारस्य

## चंगे गृहीतः रेलवेकर्मचारिणः

३ विरुद्धं प्रकरणं दाखिलम् 3 लक्षं, ?7.45 लक्षं, ततः रिक्तं चेकं गृहीतवान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाले पश्चिममध्यरेलवे इत्यनेन सह पदस्थापितः एकः रेलवेकर्मचारिणः साहूकारानाम् चंगुलेषु एतावत् गभीरं पतितः यत् सः 3 लक्षस्य ऋणस्य केवलं 7.75 लक्षं एव परिशोधितवान् तथापि अपराधिनः अद्यापि असन्तुष्टाः काल एव तं अपहृत्य अन्यं 6 लक्षं चेकं गृहीतवन्तः। पुलिसेन अपहरणस्य प्रकरणं पञ्जीकृतम् अस्ति।

भोपालस्य चोलमन्दिरपुलिसस्थानक्षेत्रे सूदस्य गुण्डाचारस्य च सनसनीभूतः प्रकरणः प्रकाशितः इति कथ्यते। रेलवेकर्मचारिणं प्रति 3 लक्षं ऋणं दत्त्वा तस्मात् 7.45 लक्षं ऋणं गृहीतवान् इति त्रयाणां जनानां विरुद्धं प्राथमिकी दाखिला अस्ति, केवलं ततः अपहरणं, आक्रमणं, धमकी च। आरोपः अस्ति यत् पीडितायाः कृते ६ लक्षरूप्यकाणां रिक्तं चेकम् अपि बलात् गृहीतम्। सुन्दरनगरचन्दवाडीनगरस्य निवासी मिलनसिंहठाकुरः अवदत् यत् तस्याः पतिः दीपसिंहठाकुरः रेलवेकर्मचारी अस्ति। वर्षद्वयात् पूर्वं सः राघवकुमारतिवारी इत्यस्मात् ३ लक्षं ऋणं गृहीतवान्। ६०,००० व्याजरूपेण पूर्वमेव कटौती कृता, २.४० लक्षं अवशिष्टम्। तदपि 7.45 लक्षं ऑनलाइन भुक्तम् अस्ति। पीडितायाः मते राघवतिवारी, राधेश्यामगौर उर्फ राधे, अन्नूपण्डितः च तस्याः पतिं अपहृत्य आक्रमणं कृतवन्तः, येन सः ६ लक्षरूप्यकाणां रिक्तचेके हस्ताक्षरं कर्तुं बाध्यः अभवत्। अभियुक्ताः तान् तर्जयन्ति स्म, तान् वधस्य तर्जनं अपि कुर्वन्ति स्म। अन्वेषणस्य अनन्तरं चोलमन्दिरपुलिसः त्रयाणां विरुद्धं प्राथमिकीम् अङ्गीकृतवान्।

## राशिफल

**मेष :** रिलेशन, करियर और वित्तीय मामले से जुड़े डिसीजन पार्टनरशिप और धैर्य के साथ लिए जाने चाहिए।

**वृषभ :** आपका पॉजिटिव एटिट्यूड आखिर तक महत्वपूर्ण उपलब्धियों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**मिथुन :** ग्रह इस तरह से संरेखित हो रहे हैं, जिससे दूसरों के साथ गहरे संबंध और विकास का मौका मिल सकता है।

**कर्क :** टास्क को कंप्लीट करने में अपना समय लें। लाइफ और वर्क के बीच बैलेंस बनाना जरूरी है।

**सिंह :** परिवर्तन जल्द हो सकता है, लेकिन आपका इंट्यूशनआपको आसानी से आगे बढ़ने में मदद करेगा।

**कन्या :** आज आप पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं। आराम करें क्योंकि बॉडी को इसकी जरूरत है।

**तुला :** कार्यालय में आपकी उत्पादकता हाई रहेगी। आज स्वास्थ्य और आर्थिक जीवन दोनों उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक :** पैसे की कोई कमी नहीं रहेगी। दिखावे के खर्च से बचें। सेहत ठीक रहेगी, लेकिन पानी ज्यादा पिएं।

**धनु :** आर्थिक स्थिति पहले से ज्यादा मजबूत होने वाली है। परिवार में खुशी का माहौल रहने वाला है।

**मकर :** आज पैसों को मैनेज समझदारी से करें। अपने प्रेम संबंधी मुद्दों और दफ्तर की दिक्कतों को आज सावधानी से संभालें।

**कुंभ :** मुद्दों का सामना करने में जल्दबाजी करने के बजाय, एक कदम पीछे हटें और भावनाओं को शांत होने का समय दें।

**मीन :** अपने सिनीयर्स के साथ करियर के बारे में बातचीत शुरू करने का भी यह एक उत्कृष्ट समय है।

### ज्योतिष/वास्तु

# नए साल पर राशि के अनुसार करें इन चीजों का दान, घर में होगी बरकत

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पौष पूर्णिमा के दिन गंगा सहित पवित्र नदियों में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इस वर्ष पौष पूर्णिमा विशेष शुभ योग में पड़ रही है, जिससे इस दिन किए गए दान-पुण्य का महत्व और भी बढ़ जाता है। पौष पूर्णिमा पर राशि अनुसार दान करने से वर्ष भर धन-समृद्धि बनी रहती है।

नया साल अपने साथ नई ऊर्जा, नया उत्साह और नई उम्मीदें लेकर आता है। माना जाता है कि नए साल की शुरूआत हम जिस तरह करते हैं, पूरे साल उसकी ऊर्जा बनी रहती है। खास बात ये है कि इस साल नए साल पर पौष पूर्णिमा का संयोग बन रहा है। इस माह की पूर्णिमा को अत्यंत शुभ तिथि माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पौष पूर्णिमा के दिन गंगा सहित पवित्र नदियों में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इस वर्ष पौष पूर्णिमा विशेष शुभ योग में पड़ रही है, जिससे इस दिन किए गए दान-पुण्य का महत्व और भी बढ़ जाता है। पौष पूर्णिमा पर राशि अनुसार दान करने से वर्ष भर धन-समृद्धि बनी रहती है।

**कब मनाई जाएगी पौष पूर्णिमा-** पौष पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 2 जनवरी 2026 को शाम 6 बजकर 53 मिनट से होगी, जबकि इसका समापन 3 जनवरी 2026 को दोपहर 3 बजकर 32 मिनट पर होगा। उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए स्नान-दान की पौष पूर्णिमा 3 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी।

**मेष राशि-** मंगल ग्रह की राशि मेष के जातक पौष पूर्णिमा पर लाल वस्त्र, मसूर दाल, शहद या लाल रंग के फलों का दान करें। इससे साहस, ऊर्जा और धन में वृद्धि होती है, साथ ही कर्ज से राहत मिलती है।

**वृषभ राशि-** शुक्र ग्रह से संबंधित वृषभ राशि के लोग कंबल, सफेद मिठाई, चावल, घी, दही या सफेद तिल का दान करें। इससे सुख-सुविधाओं और वैभव में वृद्धि होती है।

**मिथुन राशि-** बुध ग्रह की राशि मिथुन के जातक हरी मूंग दाल, हरी सब्जियां, आंवला, हरे वस्त्र या स्टेशनरी का दान करें। इससे व्यापार और करियर में प्रगति होती है।

**कर्क राशि-** चंद्रमा की राशि कर्क के लोग दूध, चावल, सफेद मिठाई, चांदी, मिश्री या जल का दान करें। इससे मानसिक शांति मिलती है और मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

**सिंह राशि-** सूर्य ग्रह की राशि सिंह के जातक गेहूं, तांबे से बनी वस्तुएं, गुड़, नारंगी वस्त्र या लाल फूल का दान करें। इससे मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है।

**कन्या राशि-** बुध की दूसरी राशि कन्या के लोग हरे वस्त्र, हरी मूंग दाल, हरी सब्जियां और घी का दान करें। इससे स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिलते हैं।

**तुला राशि-** शुक्र ग्रह से जुड़ी तुला राशि के जातक सफेद वस्त्र, इत्र, सुगंधित वस्तुएं, चावल और घी का दान करें। इससे धन, ऐश्वर्य और वैभव में बढ़ोतरी होती है।

**वृश्चिक राशि-** मंगल ग्रह की राशि वृश्चिक के लोग गुड़, लाल वस्त्र, मसूर दाल, लाल फल या जरूरतमंद को धन का दान करें। इससे रुके हुए कार्य पूरे होते हैं।

**धनु राशि-** बृहस्पति ग्रह की राशि धनु के जातक चना दाल, केला, पीले वस्त्र, हल्दी, केसर या मक्का का दान करें। इससे संतान पक्ष में उन्नति होती है।

**मकर राशि-** शनि देव की राशि मकर के लोग काले तिल, सरसों का तेल, उड़द दाल या कंबल का दान करें। इससे शनि दोष में कमी आती है और कार्यक्षेत्र की बाधाएं दूर होती हैं।

**कुंभ राशि-** शनि की ही राशि कुंभ के जातक काले कंबल, तिल, उड़द दाल, जूते-चप्पल या धन का दान करें। इससे आर्थिक परेशानियों से राहत मिलती है।

**मीन राशि-** बृहस्पति ग्रह की राशि मीन के लोग चना दाल, पीले वस्त्र, बेसन के लड्डू, हल्दी या भोजन सामग्री का दान करें। इससे धन हानि से बचाव होता है और आर्थिक स्थिरता बनी रहती है।

## खबर एक नजर...

### मामूली विवाद के बाद महिला ने गटका एसिड़

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के राजीव नगर में रहने वाली पुष्पा पति राजेश महावर 38 साल को मंगलवार शाम गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया। पुष्पा ने एसिड पिया था। ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पति ने बताया कि वह सब्जी का ठेला लगाता है। शाम को घर आने पर उसने खाना बनाने के लिये कहा था, इसी बात पर विवाद हुआ और पुष्पा ने बाथरूम साफ करने के लिये रखा एसिड पी लिया। पुलिस के अनुसार महिला की हालत में सुधार होने पर बयान दर्ज किये जायेगें।

### चाय दुकान की आड़ में कर रहे थे सट्टा खाईवाली

**उज्जैन।** चाय दुकान की आड़ में कुछ दिनों से 3 लोगों द्वारा सट्टा खाईवाली की जा रही थी। मंगलवार को तराना थाना पुलिस को खबर मिली तो कनासिया नाका पहुंचकर रमेश काका की चाय दुकान के पास दबिश मारी। जहां से सुरेश पिता भैरू लोधी 52 साल, रवि पिता मधुसुदन लोधी 30 साल निवासी मक्सी और जमुनालाल पिता औंकारलाल 52 साल निवासी ग्राम कनासिया को हिरासत में लिया। तीनों के पास से सट्टा अंक की पर्चियां और 6 हजार से अधिक की नगद राशि बरामद की। तीनों को थाने लाकर उनके खिलाफ धुत अधिनियम की धारा 4 (क) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

### शाम 5 बजे बाद चरक अस्पताल पुलिस चौकी पर दिखता है ताला

# पुलिसकर्मियों की कमी, बंद करना पड़ रही चौकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संभाग के सबसे बड़े 6 मंजिला अस्पताल चरक में बनी पुलिस चौकी पर शाम 5 बजे ताला दिखाई देने लगाता है। पुलिसकर्मियों की कमी के चलते चौकी को बंद करना पड़ रहा है। 3 माह से चौकी के ऐसे हालत बने हुए है।

सालभर पहले जिला अस्पताल को चरक भवन में शिफ्ट किया गया था। जिसके बाद यहां पुलिस चौकी बनाई गई थी, ताकि अस्पताल में होने वाले वाद-विवाद के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से घटना-दुर्घटना में आने वाले घायलों और मृतकों के मामलों में तत्काल पुलिस मदद मिल सके। लेकिन 3 माह पहले एएसआई नारायणसिंह पाल के सेवानिवृत्त होते ही चौकी शाम ढलने के बाद वीरान हो रही है। चौकी पर पहले एएसआई स्तर के अधिकारी के साथ प्रधान आरक्षक और आरक्षक की तैनाती थी। अब सिर्फ प्रधान आरक्षक ही चौकी पर तैनात है, जो 8 से 10 घंटे की ड्युटी कर रहा है। वह भी शाम को 5 बजे बाद लौट जाता है। जिसके चलते चौकी पर ताला लगाना पड़ रहा है। शाम के बाद सुबह तक ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले घायलों और मृतकों की सूचना अब अस्पताल स्टॉफ को कोतवाली थाना पुलिस को दर्ज कराई जा रही है। पहले चौकी पुलिस तत्काल इमरजेंसी कक्ष में पहुंच घायलों, मृतकों की जानकारी लेकर उनके बयान दर्ज करने के साथ मर्ग कायम कर लेती थी। अब घायलों के बयान दर्ज करने के लिये कोतवाली थाना पुलिस को अस्पताल पहुंचना पड़ रहा है। मृतकों के मामले में चौकी पर पदस्थ प्रधान आरक्षक के सुबह आने पर ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो पा रही है। जिसमें समय लगने पर मृतकों के परिजनों को दोपहर तक का इंतजार करना पड़ा रहा है। पूर्व में रात को ही पीएम दस्तावेज तैयार होने पर सुबह जल्द पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करा ली जाती थी। बताया जा रहा है कि चौकी पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के लिये वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन 3 माह बाद भी किसी की तैनाती नहीं हो पाई है।



### डीआरपी लाइन में मौजूद कई पुलिसकर्मी

बताया जा रहा है कि डीआरपी लाइन में टीआई, एसआई, एएसआई से लेकर प्रधान आरक्षक, आरक्षक तक मौजूद है। बावजूद अस्पताल चौकी पर अब तक किसी की तैनाती नहीं हो सकती है। चौकी कोतवाली थाना अंतर्गत आती है। जिसके चलते यहां एसआई, एएसआई स्तर के साथ प्रधान आरक्षक या आरक्षक की तैनाती हो सकती है। रात में चौकी खुली होने पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले घायलों, मृतकों के परिजनों को बयान दर्ज कराने और दस्तावेजी कार्रवाई करने में सुविधा मिल सकती है, वहीं अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता बनी रह सकती है।

### रात को परिसर में आते असामाजिक तत्व

चरक भवन में अंधेरा डालने के बाद असामाजिक तत्वों की मौजूदगी भी दिखाई देने लगती है। पूर्व में रात को खुली रहने वाली चौकी पर पदस्थ पुलिसकर्मी परिसर में भ्रमण भी करते रहते थे। जिसके चलते असामाजिक तत्वों में खौफ बना रहता था। लेकिन अब रात में असामाजिक तत्व बैखोफ दिखाई दे रहे है। विदित हो कि जिला अस्पताल के चरक में शिफ्ट होने के बाद चौकी की जगह के लिये मशक्कत भी की गई थी। जगह मिलने पर कक्ष का निर्माण कार्य भी कराया गया था। लेकिन अब शाम के बाद वीरानी छाई रहती है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com